शुक्रवार
22 मार्च 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



महागठबंधन में सीट शेयरिंग का फैसला अब तक नहीं 2



# बेगूसराय में दिनदहाड़े एचडीएफसी बैंक में 20 लाख रुपए की लूट

## बेखौफ हुए अपराधी

- नगर थाना क्षेत्र के सबसे पॉश इलाके हर हर महादेव चौक स्थित एचडीएफसी बैंक को अपराधियों ने बनाया निशाना
- 5-6 की संख्या में हथियार लेकर बैंक में घुसे अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

## 20 से 22 वर्ष की उम्र के अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम, विरोध करने पर कुछ स्टाफ के साथ की मारपीट



**केटी न्यूज/बेगूसराय**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बेगूसराय में अपराधियों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए दिनदहाड़े लूट की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। अपराधी नगर थाना क्षेत्र के सबसे पॉश इलाके हर हर महादेव चौक स्थित एचडीएफसी बैंक में हथियार के बल पर करीब 20 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर बेगूसराय के एसपी मनीष एवं अन्य थानों की पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की है एवं सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के हर हर महादेव चौक पर स्थित एचडीएफसी बैंक में सुबह पांच से छह बदमाश, ग्राहक के रूप में पहुंचे। बैंक में घुसने के बाद हथियारबंद बदमाश बैंक कर्मचारियों के साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद हथियार के बल पर वहां रखे रुपये लेकर फरार हो गए। बैंक कर्मचारियों के मुताबिक, लुटेरे करीब 20 लाख रुपये से अधिक की राशि लूट ले गए हैं। हालांकि पूरी गिनती के बाद ही लूट की सही राशि का पता चल सकेगा। इधर, घटना की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक मनीष पुलिस दलबल के साथ पहुंचे और मामले की जांच की।

### अपराधियों की पहचान के लिए फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस अधीक्षक मनीष ने बताया कि पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है। उन्होंने कहा कि कितनी रकम की लूट हुई है, यह गिनती के बाद ही बताया जा सकता है। अभी बैंक स्टाफ से 20 लाख रुपये की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एचडीएफसी बैंक में डकैती के पहले बदमाशों ने काली स्थान के समीप कोटक महिंद्रा में लूट का प्रयास किया। वहां सायरन बजने की सूचना पर नगर थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पहुंचे थे। लेकिन इसी बीच हरहर महादेव चौक स्थित एच डी एफ सी मुख्य शाखा से डकैत भाग निकले। डकैती के समय दर्जन भर से अधिक ग्राहक और कर्मचारी थे।

**ग्राहकों को लाइन में नीचे बैठा दिया, स्टाफ के साथ की मारपीट :** बैंक से बाहर निकले एक ग्राहक ने बताया कि 5-6 बदमाश थे और सब के सब 20 से 22 वर्ष उम्र के लग रहे थे। इन लोगों ने ग्राहकों को लाइन में नीचे बैठा दिया। उसके बाद काउंटर पर लूटपाट किया, विरोध करने पर कुछ स्टाफ के साथ मारपीट की। बैंक डकैती की सूचना पर बेगूसराय-खगड़िया के डीआईजी राशिद जमा भी मौके पर पहुंचे हैं। वे गहनता से मामले की जांच में लग गए हैं।

# दिल्ली शराब नीति केस में सीएम अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**



दिल्ली शराब नीति केस में प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल को गिरफ्तारी को लेकर प्रोटेक्शन देने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद ईडी की टीम गुरुवार शाम 7 बजे केजरीवाल के घर पहुंची। टीम के पास सर्च वारंट था। जांच एजेंसी ने दो घंटे तक सीएम हाउस की तलाशी ली। फिर करीब 2 घंटे केजरीवाल से पूछताछ की। इसके बाद रात 9 बजे अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, आम आदमी पार्टी की नेता और मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार होने के बाद भी सीएम बने रहेंगे। सूत्रों के मुताबिक, ईडी के अधिकारियों ने अरविंद केजरीवाल और उनके फैमिली मेंबर्स का मोबाइल फोन और दूसरे गैजेट्स जब्त कर लिए थे। केजरीवाल के घर के बाहर धारा-144 लगा दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल को मास्टमाइंड बताया है। 22 अप्रैल को इस केस की अगली सुनवाई होगी।

## खबरें फटाफट

### हमारे बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी इसमें मौजूद रहे। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने चुनावी चंदा के जरिए अपने अकाउंट भर लिए हैं। उन्होंने कहा कि हर तरफ केवल बीजेपी का विज्ञापन दिख रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस के अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है। खरगे ने बीजेपी पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने कंपनियों से किस तरह पैसे लिए हैं ये बताना नहीं चाहता हूं। उन्होंने कहा कि बीजेपी का हर जगह फाइव स्टार दफ्तर है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी खरगे की बात का समर्थन करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि देश के पीएम द्वारा कांग्रेस के फंड को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस के अकाउंट से भी पैसे लिए जा रहे हैं। हम चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में हैं। चुनावी बॉन्ड से सबसे ज्यादा फायदा बीजेपी को हुआ है।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमसब देख रहे हैं कि बीजेपी हमें कुचल रही है। हमको चुनाव लड़ने की स्थिति में वो नहीं छोड़ना चाहते हैं। हमारे पैसे को तबाह करके वो एकतरफा चुनाव करना चाहते हैं।

## जयपुर में दर्दनाक हादसा: बिहार के मोतिहारी का रहनेवाला था परिवार

# मकान में आग लगने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

- बिहार से जयपुर आकर किराए पर रहकर मजदूरी करके गुजारा कर रहा था परिवार
- सुबह चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक लगी आग में खत्म हो गया सबकुछ



**केटी न्यूज/जयपुर**

राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में गुरुवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। वीकेआई रोड नंबर 17 स्थित जेसल्या गांव के एक मकान में आग लगने से 5 लोग जिंदा जल गए। आग लगने की यह घटना सुबह 7:48 बजे की है। बिहार का एक परिवार यहां किराए पर रहकर मजदूरी करके गुजारा कर रहा था। सुबह चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। गैस पूरे घर में फैल चुकी थी। इसलिए पूरे घर में अचानक आग भड़क उठी। इस हादसे में 3 बच्चों सहित कुल 5 लोगों की मौत हो गई। आग की लपटें देखकर पड़ोसियों ने पुलिस कंट्रोल रूम और दमकल को सूचना दी थी। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन तब तक पांच लोग जिंदा जल गए। पुलिस के अनुसार सिलेंडर और चूल्हा कमरे के दरवाजे पर ही रखा था इस कारण कोई भी बाहर नहीं निकल सका।

पुलिस के अनुसार हादसे में राजेश यादव( 26), उसकी पत्नी रूबी (24), ईशु (7), दिलखुश (2) और खुशमानी (4) की मौत हो गई थी। मृतक परिवार बिहार में मोतिहारी जिले के मधुबनी पंचायत का निवासी था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि राजेश करीब 15 साल से जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह यहां एक कमरा किराए पर लेकर परिवार सहित रहता था। राजेश की पत्नी और बच्चे चार-पांच महीने बाद बिहार स्थित अपने गांव से बुधवार देर शाम को ही जयपुर लौटे थे। बुधवार को गैस सिलेण्डर खत्म होने के कारण राजेश परिवार के लिए बाहर से भोजन लाया था। गुरुवार को राजेश सुबह जल्दी साइकिल से सिलेंडर लेने गया था। कुछ देर बाद वह घर लौटा। कमरे के दरवाजे के पास रखे चूल्हे पर सिलेंडर लगा कर पत्नी खाना बना रही थी कि अचानक यह हादसा हो गया।

प्रारंभिक तौर पर पुलिस का मानना है कि सिलेंडर में रेगुलेटर सही से नहीं लगा था और हादसा हो गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सिलेंडर के रेगुलेटर के पैनल से आग निकली थी, जिससे कमरे में आग फैल गई। राजेश आग से बचने के लिए कमरे के कोने में बैठ गया, लेकिन उसकी भी मौत हो गई। पत्नी और बच्चे भी बाहर नहीं निकल सके। आग की इस बड़ी घटना के बाद पुलिस और प्रशासन सचेत हो गए हैं। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित और डीसीपी वेस्ट अनिल कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। गैस सिलेंडर लीक कैसे हुआ और अचानक इतना बड़ा हादसा कैसे हो गया। इस मामले की गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### सीएम ने शोक संवेदना व्यक्त की

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस घटना पर दुख जताते हुए चिंता जाहिर की। सीएम ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा कि जयपुर के विश्वकर्मा इलाके में भीषण आग की चपेट में आने से 5 नागरिकों के असामयिक निधन का समाचार हृदय विदारक है। परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# बदायूं डबल मर्डर केस का दूसरा आरोपी बरेली से गिरफ्तार, बोला- बच्चों से नफरत करता था भाई

**एजेंसी/बदायूं**

बदायूं में बाबा कॉलोनी निवासी विनोद ठाकुर के दो बेटों की हत्या के आरोपी जावेद से पुलिस अफसरों ने उझानी कोतवाली में बृहस्पतिवार गहन पूछताछ की। इसके बाद एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि जावेद घटनास्थल पर मौजूद था। पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसका बड़ा भाई साजिद बच्चा ना होने के कारण मानसिक रूप से परेशान रहता था। वह बच्चों से नफरत करता था और कई बार वह बच्चों को देखकर आक्रोशित हो जाता था। पूछताछ में यह भी पता चला है कि साजिद ने घटना वाले दिन भी चाकू खरीदा था। जावेद ने बताया कि घटना के दिन वह साजिद के साथ बाइक लेकर गया था और संगीता के घर के नीचे खड़ा हो गया। जबकि साजिद मकान के अंदर चला गया। जब यह देखा कि उसने दो बच्चों की हत्या कर दी है तो वह बाइक लेकर भाग गया और घर पहुंचा। घर से दिल्ली के लिए चला गया। पता चला कि पुलिस उसको ढूंढ रही है तो वह बृहस्पतिवार को बरेली पहुंचा और पुलिस के पास जा रहा था कि टेंपो में ही दो लोगों ने रोक लिया और पुलिस को सूचना देकर पकड़वा दिया।

**पहले उझानी कोतवाली ले जाया गया आरोपी:** हत्याकांड की वजह जानने और साजिद के बारे में जानकारी जुटाने के बारे में जावेद को पूछताछ के लिए यहां कोतवाली में 11:45 बजे लाया गया। उससे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान कोतवाली गेट पर मीडिया कर्मियों समेत लोगों का जमघट लगा रहा, लेकिन किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया गया। पूछताछ के बाद पुलिसकर्मी उसे सफेद रंग की टाटा सूमो कार में बैठकर निकले तो मीडिया कर्मियों ने उन्हें रोककर बात करने की कोशिश भी की। इस पूरी कार्रवाई के दौरान एसएसपी आलोक प्रियदर्शी समेत पुलिस अफसर और सिविल लाइंस थाने की पुलिस भी कोतवाली में दिखी।

उझानी कोतवाली में पूछताछ के बाद एसओजी की टीम आरोपी जावेद को कार से लेकर बाहर निकली तो बाईपास तक मीडिया कर्मियों के वाहनों ने पीछा किया। बाइपास से पुलिस कर्मियों के दो-तीन वाहन हाईवे के रास्ते बितरोई मोड़ से मुजरिया, बिल्सी, वजीरगंज होते हुए शहर के सिविल लाइंस थाने में आकर गाड़ी खड़ी कर दी गई। दूसरी तरफ पुलिस के दो वाहन कादरचौक की ओर भी जाते बताए गए, लेकिन कोतवाली पुलिस ने इस बारे में कोई जानकारी होने से इनकार कर दिया। पूछताछ शुरू होने के बाद इसे लेकर चार घंटे तक पसोपेश का माहौल बना रहा।




## मसाने की होली खेलने के लिए मणिकर्णिका घाट के महाश्मशान पर उमड़ा जन सैलाब

# जलती चिताओं के बीच चिता भस्म की खेली गई होली







**केटी न्यूज/ वाराणसी**

काशी के मणिकर्णिका घाट पर गुरुवार को अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां बड़े ही उत्साह के साथ जलती चिताओं के बीच चिता भस्म की होली खेली गई। मसाने की होली खेलने के लिए मणिकर्णिका घाट के महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। ऐसी मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ मणिकर्णिका के महाश्मशान में अपने गणों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं। पूरे देश में रंगों और गुलालों से होली खेली जाती है, लेकिन शिव की नगरी काशी में चिता की राख के साथ भी होली खेली जाती है। ऐसी होली पूरे विश्व में सिर्फ काशी में मनाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि भगवान शंकर भस्म की होली अपने प्रिय गण भूत, प्रेत, पिशाच शक्तियों के साथ खेलते हैं। चिता भस्म की होली शुरू करने से पहले बाबा मसान नाथ की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। फिर बाबा की आरती करने के बाद चिता के राख से होली की शुरूआत की जाती है, जिसमें ढोल-नगाड़े और डमरू के साथ पूरा श्मशान घाट हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों ने भी इस उत्सव का जमकर लुफ्त उठाया।

**क्यों मनायी जाती है मसाने की होली:** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव ने मसान की होली की शुरूआत की थी। ऐसा माना जाता है कि रंगभरी एकादशी के दिन भगवान शंकर माता पार्वती का गौना कराने के बाद उन्हें काशी लेकर आए थे। तब उन्होंने अपने गणों के साथ रंग-गुलाल के साथ होली खेली थी, लेकिन वे श्मशान में बसने वाले भूत, प्रेत, पिशाच, यक्ष गन्धर्व, किन्नर जीव जंतु आदि के साथ होली नहीं खेल पाए थे, इसलिए रंगभरी एकादशी के एक दिन बाद भोलेनाथ ने श्मशान में रहने वाले भूत-प्रेत साथ होली खेली थी। तभी से काशी में मसान की होली खेलने की परंपरा चली आ रही है। चिता की राख से होली खेलने की वजह से ये परंपरा देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है।



## कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने राजद सुप्रीमों से किया मुलाकात

# महागठबंधन में सीट शेयरिंग का फैसला अब तक नहीं, टिकट बांटने में जुटे लालू-तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव को लेकर तारीखों का एलान कर दिया गया है। ऐसे में तारीखों के एलान के बाद तमाम राजनीतिक पार्टी अपने -अपने तरीकों से चुनावी अभियान में जूट गई है। ऐसे में बिहार के अंदर महागठबंधन में यह तय नहीं हो पाया है कि कौन सी पार्टी कहां से चुनाव लड़ेगी। लेकिन, लालू यादव अपने कैंडिडेट को सिंबल भी बांटने शुरू कर दिए हैं। ऐसे में अब इन मुद्दों पर बातचीत करने के अखिलेश सिंह लालू यादव से मिलने राबड़ी आवास पहुंचे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां सीट बंटवारे और उम्मीदवारों के नाम तय करने में जुटी हुई है। एक ओर जहां बिहार एनडीए में सीट बंटवारा हो गया है। वहीं महागठबंधन में अब भी सीट बंटवारा को लेकर कुछ तय नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार राजद ने अपने कुछ प्रत्याशियों को सिबंल भी दे दिए हैं। बताया जा रहा कि राजद सुप्रीमो लालू यादव ने स्वयं ही पार्टी का सिंबल दिया है। ऐसे में बिना सीट का एलान हुए सिंबल दिए जाने के बाद कांग्रेस के नेता अखिलेश सिंह बैचन हो गए और भागे - भागे लालू से मिलने पहुंचे हैं। लालू प्रसाद ने पहले चरण की चार सीटों के लिए आरजेडी उम्मीदवारों के बीच सिंबल बांट दिया। पहले चरण में जिन चार उम्मीदवारों को टिकट दिया गया उसमें गया से पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत, नवादा, जमुई से अर्चना रामदास और औरंगाबाद जो कांग्रेस की सीट है उसपर भी आरजेडी उम्मीदवार को सिबल बांट दिया। इस बात की जानकारी जैसे ही कांग्रेस को हुई। कांग्रेस आला कमान ने दिल्ली में मौजूद बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधिलेश सिंह को पटना रवाना कर दिया। महागठबंधन में सीट शेयरिंग से पहले ही आरजेडी टिकट बांट रही है।

## दूसरे दिन गया सुरक्षित से नामांकन का खाता खुला

**गया।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नोटिफिकेशन जारी होने के दूसरे दिन गया सुरक्षित सीट से पहला नामांकन पत्र पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के अभ्यर्थी अरूण कुमार ने पर्चा दाखिल किया है। हालांकि अन्य जगहों से अभी भी नामांकन का खाता नहीं खु पाया है। चुनावी भाषण और मीटिंग का दौर भी शुरू जारी है। वहीं दूसरी ओर आचार संहिता उल्लंघन का मामला भी सामने आने लगा है। बिहार में गुरुवार को एक साथ चार एफआईआर दर्ज किए गए हैं। मधेपुरा जिला में बिना परमिशन लाउड स्पीकर बजाने और औरंगाबाद में बिना परमिशन मीटिंग और भाषणबाजी के चलते केस दर्ज किया गया है। जबकि पूर्वी चंपारण में भी मीटिंग और भाषणबाजी को लेकर दो एफआईआर दर्ज किए गए हैं। वहीं, इसके अलावा पुलिस की सख्ती के चलते कुल 1 लाख 21 हजार रुपए कैश और 33 हजार 737 लीटर शराब जब्त की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत एक करोड़ 39 लाख 73 हजार 310 आंकी गई है। बता दें, कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जमुई, नवादा, औरंगाबाद और नवादा में वोटिंग होनी है। नामांकन पत्र दाखिल करने का आज दूसरा दिन था। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक चुनावी कार्य के लिए जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं प्रशासन की ओर से लगातार आचार संहिता का पालन के साथ ही उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही पैसा ले जाने वालों तथा वोटरों को पैसा के माध्यम से लुभाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। यह प्रयास है कि चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयाग करें।

## आक्रोशित इंटरमीडिएट के छात्र -छात्राओं ने भाजपा - जदयू ऑफिस को घेरा, पुलिस ने की हाथापाई

**केटी न्यूज/पटना**



इंटरमीडिएट के छात्रों ने गुरुवार को पटना में जदयू - भाजपा ऑफिस का घेराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे छात्र-छात्राओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे छात्र और छात्राएं नई शिक्षा नीति में बदलाव की मांग कर रहे है। वहीं,प्रदर्शन कर रहे छात्राओं के साथ पुलिस हाथापाई करते दिखी। दरअसल, नई शिक्षा नीति के तहत अब महाविद्यालय में उच्च माध्यमिक की पढ़ाई नहीं होनी है। प्रदेश में काफी महाविद्यालय और डिग्री कॉलेज हैं, जहां 11वीं और 12वीं की भी पढ़ाई होती है। ऐसे में आगामी शैक्षणिक सत्र से महाविद्यालय में पढ़ रहे 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को उच्च विद्यालय में भेजा जा रहा है। अब इसी फैसले के विरोध में सभी जगह छात्र-छात्राएं पुरजोर विरोध कर रहे हैं। छात्र - छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सैकड़ों की तादाद में छात्राएं जदयू -भाजपा में जाने की कोशिश करने लगी। जब पुलिस ने अंदर जाने से रोका तो छात्राएं बाहर धरने पर बैठ गई। छात्रों के नारेबाजी करने पर अधिकारियों द्वारा फोटो खींचकर सभी के ऊपर एफआईआर करने की धमकी दी गई तब भी छात्राएं नहीं डरी। आपको बताते चलें कि, 19 मार्च से उन लोगों का 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो रही है। इसी बीच तीन दिन के भीतर उच्च विद्यालय में दाखिला लेने के लिए कहा जा रहा है। नए विद्यालय में शिक्षक बदल जाएंगे और पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होगी। इसलिए अपनी मांग को लेकर ये लोग जदयू -भाजपा दफ्तर का घेराव करने पहुंची हैं।






## बीपीएससी पेपर लीक करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने लिया रिमांड पर, गहन जांच शुरू

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित शिक्षक बहाली के तीसरे चरण की परीक्षा का पेपर लीक मामले के जितने भी मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार हुए हैं। इन सभी को रिमांड पर लेकर ईओयू की एसआईटी पूछताछ करेगी। बुधवार को तीन मुख्य अभियुक्तों विशाल कुमार चौरसिया, अभिषेक कुमार और विक्की की रिमांड शाम को कोर्ट के स्तर से मिल गई। इनसे पूछताछ की प्रक्रिया 21 मार्च से शुरू होगी। इनकी रिमांड अवधि दो दिनों की है। इसके बाद अन्य अभियुक्तों से भी रिमांड पर पूछताछ की जाएगी। यह जानकारी एकत्र की जाएगी कि कोलकाता के जिस प्रेस में इस प्रश्न-पत्र को छापने के लिए भेजा गया था, इसकी जानकारी इन्हें कैसे मिली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में बीपीएससी के भी कुछ पदाधिकारी व कर्मी जांच के घेरे में हैं। संदिग्धों की तलाश में बिहार और झारखंड में करीब एक दर्जन स्थानों पर छापेमारी की गई। बुधवार देर रात तक यह छापेमारी चलती रही। इस मामले में हजारीबाग और पटना के करबिगहिया से जब्त हुए सभी इलेक्ट्रॉनिक्स साक्ष्यों मसलन लैपटॉप, मोबाइल, कंप्यूटर, पेन ड्राइव समेत अन्य सभी की जांच एफएसएल से कराई जाएगी। यह देखा जाएगा कि कोई फाइल या अन्य चीजें डिलिट तो नहीं कर दी गईं थी। अगर कुछ डिलिट किया गया होगा, तो रिकवर किया जाएगा।इधर, इस मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने बीपीएससी को संबंधित कंप्यूटर और लैपटॉप को संरक्षित करके रखने के लिए कहा है। साथ ही इनमें सभी दस्तावेजों और अन्य फाइलों को भी सहेज कर रखने के लिए कहा है। ताकि किसी भी समय इनकी जांच की जा सके। अगर इनमें भी तरह की फाइलों के डिलिट करने की बात सामने आती है, तो इनकी जांच भी एफएसएल से कराया जा सकता है। अभी इससे जुड़े सभी पहलुओं पर एसआईटी जांच करने में जुटी हुई है। पेपर लीक मामले में सीतामढ़ी जिले के पटेढ़ी बेलसर स्थित बीबीपुर गांव से एक महिला अभ्यर्थी के गिरफ्तार होने की चर्चा है।

## बिहार दिवस आज, नहीं होंगे राज्यस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम

**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य में लागू आचार संहिता के कारण इस साल 22 मार्च को बिहार दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम नहीं होंगे। हालांकि, बिहार दिवस पर सभी जिलों में स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देश के अनुसार कार्यक्रम होंगे। साथ ही विभाग अपने स्तर पर आयोजन करेगा। मालूम हो कि बिहार दिवस पर राज्यस्तर पर गांधी मैदान और आसपास के सभागारों में भव्य कार्यक्रम होते रहे हैं। इनमें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति भी होती रही है। राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में भाग लेते रहे हैं। साथ ही जिलों, प्रखंड और पंचायत के स्तर पर भी अलग-अलग आयोजन होते हैं। बिहार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन वर्ष 2010 से शुरू हुआ और हर साल होता रहा है। वर्ष 2012 में बिहार शताब्दी दिवस मनाया गया था। गौर हो कि शिक्षा विभाग इस समारोह का नोडल है, जबकि सरकार के अन्य विभागों की भी इसमें भागीदारी होती रही है। परंतु इस बार कार्यक्रम नहीं होगा।

## 28 मार्च को पर्चा दाखिल कर सकते है मांझी

**गया।** गया में गुरुवार शाम एनडीए गठबंधन की चुनावी बैठक हुई। गया संसदीय क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि 23 मार्च को हम अयोध्या जाएंगे। वहां राम लल्ला का दर्शन कर 24 को लौटेंगे। 25, 26, 27 को होली का माहौल रहेगा। इसलिए 28 को नॉमिनेशन करेंगे। मांझी ने कहा कि पत्नी, बेटा, बहू, बेटी सभी धार्मिक हैं। बेटा नवाह पाठ करता है। अयोध्या में न सिर्फ रामलला का मंदिर है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल भी है। लोगों को रोजगार मिला है। यह रामलला के विराजने से संभव हुआ है।

## गोली लगने के बाद भी बैंक को लूटने से बचाने वाला गार्ड सम्मानित

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के कांटी में अपनी जान पर खेलकर पंजाब नेशनल बैंक की करोड़ों रुपए लूटने से बचाने वाले होमगार्ड जवान भोला राय को ने सम्मानित किया है। कांटी शाखा में मंडल प्रमुख संजय सिन्हा ने उन्हें साहस और बहादुरी के लिए दो लाख रुपए का चेक सौंपा। बैंक में अपराधियों से बहादुरी से लड़ते हुए घायल होमगार्ड जवान भोला राय को मुजफ्फरपुर पीएनबी के राकेश कुमार ने भोला राय को 25 हजार रुपए देकर सम्मानित किया था। बता दें कि 23 फरवरी को पंजाब नैशनल बैंक की कांटी शाखा में 6 बदमाशों ने दिनदहाड़े बैंक लूटने की कोशिश की थी। इस दौरान होमगार्ड जवान भोला राय ने साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए लुटेरों से भिड़ गए। इस दौरान उन्हें गोली भी लगी, लेकिन भोला राय ने हार नहीं मानी। होमगार्ड जवान के साहस की तिरहुत रेंज के आईजी शिवदिप लांडे ने भी तारीफ की थी। 23 फरवरी 2024 को मुजफ्फरपुर की बैंक से एक वीडियो सामने आया। इसमें होमगार्ड जवान भोला राय अपनी रायफल के सहारे हथियारों से लैस 4 बदमाशों से भिड़ता दिखा। अपराधियों ने गार्ड के सिर पर पिस्टल रख दी थी। लेकिन, वो अपने फर्ज से डिगा नहीं। बदमाशों ने उसे गोली मार दी। उसके बाद भी वो उनसे लड़ता रहा। अपने साहस से उस गार्ड ने बैंक में रखे करीब एक करोड़ से ज्यादा रुपए बचा लिए। इसके बाद पुलिस ने उसे सम्मानित करने की बात कही तो बैंक ने इनाम देने की। हालात ये हैं कि भोला राय को इलाज के लिए जमीन गिरवी रखनी पड़ रही है।










## सामने आया पुलिस का अमानवीय चेहरा, बच्चे-बूढ़े व महिलाओं तक को नहीं बख्शा, वीडियो वायरल

# हिंसक झड़प के बाद चौसा के तीन गांवों में पुलिस ने घरों में घुसकर ग्रामीणों को बेरहमी से पीटा

### मांगा मुआवजा मिले जख्म

- पुलिस की पिटाई से भयाक्रांत ग्रामीणों ने छोड़ा घर, ग्रामीणों ने पुलिस पर तोड़फोड़ व लूटपाट का भी लगाया आरोप

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा में बुधवार को निर्माणाधीन थर्मल पॉवर प्लांट के गेट पर धरना दे रहे किसानों तथा पुलिस के बीच हुई झड़प के बाद रात में पुलिस ने तीन गांवों में तांडव मचाते हुए लोगों की बेरहमी से पिटाई की है। वही पुलिस ने लोगों के घरों की खिड़कियों, दरवाजे यहां तक की सीसीटीवी कैमरे भी क्षतिग्रस्त किए है। ग्रामीणों की मानें तो पुलिस ने बनारपुर, कोचाढ़ी और मोहनपुरवा के प्रत्येक घर में दबिश दी तथा जो मिला उसकी जमकर पिटाई की गई। पुलिस ने महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों पर भी दया नहीं दिखाई। पुलिस की पिटाई से बनारपुर के 70 वर्षीय ललिता देवी, इसी गांव के बुजुर्ग मुन्ना तिवारी, युवा संजीत सिंह समेत दर्जनों लोगों को गंभीर चोटें आई है। वहीं अधिकांश लोग पुलिस की प्रतिक्रिया तथा पिछले वर्ष की घटना को याद कर पहले ही घर छोड़ खेतों में रात गुजारी थी। जिस कारण वे बच गए। लेकिन पुलिस की जद में जो आया उसकी बेरहमी से पिटाई हुई है। इसके कई वीडियो भी वायरल हुए है। जिसमें पुलिस लोगों पर बर्बर तरीके से लाठी बरसाते हुए तथा सीसीटीवी कैमरा तोड़ते आदि नजर आ रही है।

बनारपुर के ही मुन्ना तिवारी ने आरोप लगाया है कि पुलिस पहले उनके दरवाजे पर लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दी। इसके बाद घर में बेटी की शादी के लिए रखे 12 लाख रूपए मूल्य के गहने, चांदी की मूर्तियां तथा चार अटैची कपड़ा भी पुलिस अपने साथ ले गई है। ललिता देवी की मानें तो उसे चार पुलिसकर्मियों ने घेरकर लाठी डंडे से पीटा है। कुछ ऐसी ही शिकायतें बनारपुर की आशा तिवारी ने की है। वहीं मुरलीधर तिवारी, विनय तिवारी आदि की मानें तो वे लोग पुलिस के डर से घर छोड़ गेहूं के खेत में जाकर छिप गए थे। पूरी रात खेत में ही बिताई।









### वाहन का सायरन बजते ही बंद हो जा रहे थे घरों के दरवाजे

पुलिसिया खौफ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तीनों गांवों में गुरूवार को भी जब किसी वाहन की सायरन बजती थी तो लोग पुलिस के दुबारा आने के डर से अपने घर के दरवाजे और खिड़कियां बंद कर ले रहे थे। हालांकि, दिन में नेताओं के पहुंचने तथा डीएम एसपी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों का भय कम जरूर हो गया था।

**पिछले साल की घटना की हुई पुनरावृति :** बता दें कि पिछले साल भी धरना को बलपूर्वक हटाने के प्रयास में पुलिस का ग्रामीणों के साथ भिडंत्त हुआ था। जिसमें दिन में तो ग्रामीण पुलिस टीम पर भारी पड़े थे, लेकिन रात में पुलिस की प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। इस घटना के बाद राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता राकेश टिकैत समेत सत्ता पक्षा व विपक्ष के दर्जनों नेता भी पहुंच आश्वासन का मरहम लगाए थे। लेकिन किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति किसी ने ध्यान नहीं दिया। लिहाजा धरना 17 महीने से लगातार जारी है।

**डीएम एसपी बोले-दोषियों पर होगी कार्रवाई :** डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि किसी के साथ भी ज्यादती नहीं होगी, जो दोषी हैं सिर्फ उनपर कार्रवाई होगी। डीएम-एसपी ने कहा कि कुछ वीडियो वायरल हुए हैं उसकी जांच करवाई जा रही है तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 50 नामजद व 200 अज्ञात पर एफआईआर, 27 गिरफ्तार

**चौसा।** बुधवार को प्रशासन के साथ ही हिंसक झड़प, पत्थरबाजी तथा फायरिंग मामले में स्थानीय पुलिस ने प्रशासनिक टीम पर हमला करने वाले 50 नामजद तथा 200 अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस ने रात तक कुल 27 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। बता दें कि बुधवार को धरना स्थल निमार्णाधीन थर्मल पॉवर प्लांट के मुख्य गेट से किसानों को हटाने गई पुलिस टीम पर धरना दे रहे किसानों ने हमला कर दिया था। इस हमले में सदर डीएसपी धीरज कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा तथा अन्य तीन पुलिस पदाधिकारी के अलावे कुल 20 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कुछ को गंभीर चोटें भी आई थी। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। वही उपद्रव मचा रहे किसानों ने एक प्रशासन के एक वाहन को आग लगा दिया था जबकि कई वाहनों के शीशे भी तोड़े थे। जानकारी के अनुसार हिंसक झड़प के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ ही ग्रामीणों को भी चोटें आई हैं। कई ग्रामीण गंभीर रूप से जख्मी हुए है। उन्हें पुलिस की लाठियों से चोटे आई है। घायल होने वाले ग्रामीणों में महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं रात में पुलिस की बर्बर कार्रवाई के बाद घायलों की संख्या बढ़ गई है।

### कार्रवाई अमानवीय, घटना की हो न्यायिक जांच : सुधाकर सिंह



**चौसा।** इंडिया गठबंधन से बक्सर संसदीय क्षेत्र के उम्मीद्वार बनाए गए राजद के वरिष्ठ नेता सुधाकर सिंह गुरूवार को पुलिसिया जुर्म के शिकार लोगों से मुलाकात किए। वे बारी बारी से चौसा के बनारपुर, मोहनपुरवा व कोचाढ़ी गांव में जाकर एक-एक परिवार से मिले तथा घटना की विस्तार से जानकारी ली। इसके बाद केशव टाइम्स से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस ने बर्बर तरीके से लाठी चलाई है। नीतीश सरकार में सबसे बड़ा गुंडा उनकी पुलिस ही है। बनारपुर, कोचाढ़ी तथा मोहनपुरवा में जिस तरीके से पुलिस ने ग्रामीणों पर जुल्म ढाया है उससे अंग्रेजी हुकूमत की यादें ताजा हो गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस के डर से तीनों गांवा में पिछले 24 घंटे से चूल्हे नहीं जले हैं। पुलिस ने 70 वर्षीय बुजुर्ग से लेकर मासूम बच्चों पर भी लाठियां बरसाई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ग्रामीणों के साथ आतंकियों तथा नक्सलियों जैसा बर्ताव कर रही थी। जबकि वे अपने हक की आवाज उठा रहे है। राजद नेता ने कहा कि पुलिस कंपनी के हितों की रक्षा के लिए ही ग्रामीणों से बर्बर तरीके से पेश आ रही है। इसमें डीएम, एसपी, डीएसपी तथा एसडीओ सब कंपनी से मिलकर ग्रामीणों पर जुल्म ढा रहे है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले साल भी पुलिस ने ऐसे ही बर्बर तरीके से किसानों को पिटा था। उस समय के दोषी पुलिसकर्मी व पदाधिकारी तो बच गए थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने घटना की न्यायिक जांच की मांग की। कहा है कि ग्रामीण किसानों पर लाठी बरसाने वाले पुलिसकर्मियों तथा पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## एक नजर



### वर्तमान की सरकार और सांसद हैं किसान विरोधी : अनिल कुमार चौधरी

**बक्सर।** बक्सर के चौसा में पावर प्लांट के गेट पर ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों पर हुए लाठी चार्ज की घटना को बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि पावर प्लांट के गेट पर अपने हक के लिए शांति पूर्ण ढंग से विरोध कर रहे किसानों पर हुए लाठीचार्ज से आज हम सभी बक्सर वासी और बहुजन समाज पार्टी बहुत शर्मिंदा महसूस कर रही है। उक्त बातें बसपा नेता अनिल कुमार ने पार्टी कार्यालय में संवादाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि जो शासन प्रशासन यहां चल रहा है, चाहे वह जिसके भी इशारे पर चल रहा हो, यह हमारे भारत के संविधान में आस्था नहीं रखता है। यह तालिबानी आदेश है जिसके तहत गांव के अंदर हमारे माता बहनों और बच्चों को पिटा गया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई इस घटना में असामाजिक तत्व था तो उस असामाजिक तत्व की पहचान क्यों नहीं की गई। किसने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया यह बिना जाने आप उसी समय यह निर्णय लेते हैं और लाठी चार्ज करवाते है। यह किस आधार पर किया गया। उन्होंने कहा कि हम यहां के शासन प्रशासन और आर एन आर कमेटी के अध्यक्ष और सांसद से जानना चाहते हैं की जो किसान इस धरने पर बैठे हैं क्या प्रशासन धरने को समाप्त करने की पहल की? क्या प्रशासन और आर एन आर कमेटी के चेयरमैन कभी भी उस धरने स्थल पर जाकर जो उनकी समस्या है उसका समाधान करने की कोशिश की? उनकी समस्या को समाप्त करने की क्यों नहीं कोशिश आज तक हुई? क्या इनके लिए यह लोग दोषी नहीं है? उन्होंने कहा कि अगर सब फैसला हाई कोर्ट से आता है तो फिर घर में घुसकर हमारी मां और बहनों को पीटने का फैसला हाई कोर्ट से आया था क्या? वैसे पुलिस पदाधिकारियों जो मानवता की शर्मशार करते हैं, संविधान को शर्मशार करते है उनको तत्काल सेवा बर्खास्त की किया जाए।

### ग्रामीण चिकित्सक मंच के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन



**डुमरांव।** होली आपसी सौहार्द्र तथा प्रेम को बढ़ाने वाला त्योहार है। यह दुनिया का अनोखा त्योहार है, जिसमें दुश्मन भी एक दूसरे के गले लगते है। उक्त बातें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बिरेन्द्र कुमार ने गुरूवार को अथोर्पैडिक क्लीनिक में कही। अवसर था ग्रामीण चिकित्सक मंच द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का। उन्होंने लोगों से प्रेम व भाईचारे के माहौल में होली मनाने की अपील की तथा इको फ्रेंडली होली मनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पहले होली मिलन समारोह में जमकर अबीर गुलाल उड़े। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा होली की बधाई दी। वही ग्रामीण चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथिलेश चौबे ने कहा कि वे हर साल अपने मंच के बैनर तले होली मिलन समारोह आयोजित करते है। उन्होंने होली मिलन समारोह में आए लोगों को होली की बधाई दी है। मौके पर डॉ. श्रीराम, डॉ. रविशंकर प्रसाद, डॉ. विजय श्रीवास्तव, डॉ. सगीर अंसारी, डॉ. फिरोज उर्फ कल्लू, कुश चौबे, रवि तिवारी समेत कई अन्य ग्रामीण चिकित्सक तथा कुमार अथोर्पैडिक क्लीनिक के सभी कर्मी मौजूद थे।

### डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक की स्थापना के लिए अजय ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल मे रक्त अधिकोष की स्थापना न होने के कारण जरूरतमंदो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है , इसके लिए उन्हे बक्सर सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में जाना पड़ता है। वहीं डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल मे ब्लड बैंक की स्थापना के लिए युवक अजय राय ने जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल से मिलकर इसके लिए अनुरोध किया है, साथ ही एक ज्ञापन भी सौंपा है। अजय ने बताया कि डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में कुल सात प्रखंड आते हैं, इसका क्षेत्र बक्सर से बड़ा है। इसके बावजूद डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल मे अभी तक ब्लड बैंक की स्थापना नहीं हो पायी है। इससे अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके मद्देनजर डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द से जल्द ब्लड बैंक की स्थापना के लिए अजय ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की गई जान

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में फोर लेन व गंगा नदी पर बना नया पुल के शुरू होने के बाद लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। बुधवार की रात भी जिले में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों को अपनी जान गवानी पड़ी। पहली दुर्घटना नगर थाना से महज सौ मीटर की दुरी पर हुई। किला मैदान के पास हुई। जब दाह-संस्कार में शामिल होने जा रहे युवक को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद डाला। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृत युवक की पहचान रोहतास जिले के दावत थाना क्षेत्र के मृतक विक्की ठाकुर 30 के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी ट्रक को व चालक को गोलंबर पकड़ लिया। वहीं दुसरी घटना अद्योगिक थाना क्षेत्र के चुरामनपुर से है जहां तेज रफ्तार ट्रक ने नगर थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस निवासी नारायण दुबे(35वर्ष) को



रौंद दिया। घायल नारायण दुबे को अस्पताल ले जाया गया। जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों हुदय विदारक घटनाएं रात 10-11 बजे की बताई जा रही है। दोनों घरों में घटना की सूचना के बाद कोहराम मच गया। वहीं पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

बक्सर-आरा फोर लेन पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है बावजूद लोग इससे सबक नहीं ले रहे। तेज रफ्तार हादसे की वजह बन रही है।

### होली में शरारती तत्वों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर

**डुमरांव।** गुरुवार को डुमरांव थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राकेश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ पर्व मनाये। साथ ही होली के दौरान शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखने पर बल दिया गया। अश्लील गाने बजाने व डीजे बजाने वाले लोगों पर विशेष कार्रवाई होगी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने अपनी-अपनी बात रखी। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। इसके अलावे पुलिस की गश्ती बढ़ायी जायेगी। अगर कोई भी व्यक्ति किसी तरह का अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर बीडीओ संदीप पांडेय, सीओ शमन प्रकाश, थानाध्यक्ष अनीशा राणा, मदन चौबे, संजय शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

## ब्रह्मपुर विधायक के ठिकानों पर दूसरे दिन भी हुई छापेमारी

**केटी न्यूज/सिमरी**


ब्रह्मपुर से राजद के विधायक शंभूनाथ यादव के पैतृक आवास तथा फ्लोर मिल के अलावे उनके सभी ठिकानों पर आयकर की छापेमारी पिछले 36 घंटे से जारी है। टीम द्वारा चक्की के भोला डेरा स्थित आवास सह फ्लोर मिल के अलावे, खरहाटांड़, बक्सर, पटना, बिहटा, आरा सहित उनके सभी 22 ठिकानों पर गुरूवार को पूरे दिन छापेमारी की गई। इस दौरान विधायक शंभूनाथ तथा उनके परिजनों को गुरूवार को भी आयकर की टीम ने आवास में ही रोक कर रखा है। समाचार लिखे जाने तक छापेमारी जारी है। हालांकि, छापेमारी में क्या मिला है, इसकी जानकारी आयकर की टीम ने नहीं दिया है। वैसे अबतक मिली जानकारी के अनुसार आयकर टीम को 50 करोड़ से अधिक के कर चोरी, लाखों रूपए नगद, भारी मात्रा में आभूषण, रिश्तेदारों तथा करीबियों



के नाम पर बेनामी संपति तथा उनसे लेन देन के साक्ष्य मिले है। जिस कारण विधायक की मुश्किलें बढ़ गई है। छापेमारी के दौरान उनके आवास के बार पूरे दिन समर्थकों की भारी भीड़ लगी रही। बता दें कि शंभू यादव पिछले दो विधान सभा चुनाव से राजद का प्रतिनिधित्व करते आ रहे है। उन्हें मजबूत जनाधार वाला नेता माना जाता है। उनपर आयकर का शिंकजा कसने के बाद इसका बड़ा असर आगामी चुनाव में पड़ सकता है, ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है। दूसरी तरफ इस छापेमारी से उनके समर्थकों में आक्रोश व्याप्त है।

### केसठ बीडीओ ने विभिन्न बूथों का किया भौतिक सत्यापन

**केसठ।** प्रखंड में लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इसी कड़ी में गुरुवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने प्रखंड के शिवपुर, दसियाव, कुलमनपुर के विभिन्न बूथो का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने पाया की तीनो मतदान केंद्रों पर सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण बड़ी वाहन प्रवेश नहीं कर सकती है। दुपहिया वाहन ही केवल मतदान केंद्र पर जा सकती है। इस दौरान उन्होंने कहा की घनी आबादी के बीच तीनों मतदान केन्द्र स्थित है। इस लिए सैनिक बल को जिले से अधिक मात्रा में मांग की जाएगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा की शांति पूर्ण मतदान कराने हेतु प्रखंड प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन के अलावे अन्य विधि व्यवस्था की भी जांच की जा रही है।




## आधुनिकता के इस दौर में गुम होती जा रही है होली की मस्ती

# अब नहीं उड़ते चौपालों पर सामूहिक अबीर-गुलाल, गुम हुई फगुआ की तान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आधुनिकता के इस दौर में होली की मस्ती गुम होती जा रही है। आज से एक दशक पूर्व बसंत ऋतु के आगमन होते ही गांव-गांव में ढोलक की थाप पर फगुआ की तान गूंज उठती थी। गांव के लोग सबसे पहले गांव के काली मंदिर या अन्य धार्मिक स्थानों पर फाग गायन के साथ होली की शुरूआत करते थे। फगुआ गायन में गांव के बुजुर्ग, युवा सहित हर वर्ग के लोग शामिल रहते थे। झाल, ढोलक की थाप पर लोग फगुआ के गीत पर न सिर्फ झूमते नजर आते थे बल्कि चौपाल में अबीर-गुलाल भी उड़ता था।


फाइल फोटो

फगुआ की मस्ती खेत-खलिहानों से लेकर गांव के चौक-चौराहों पर दिखती थी। फगुआ में गाये जाने वाले अधिकांश गीत सामाजिक, धार्मिक और वीरता के भाव से भरे होते थे। ऐसे गीतों से समाज में अच्छा संदेश जाता था लेकिन आज के इस दौर में होली गीत के माध्यम से लोगों के बीच अश्लीलता परोसा जा रहा है। होली के बहाने गांव में हंसी-मजाक का दौर चलता रहता था। होली के बहाने लोग सारे गिले-शिकवे भुला कर एक दूसरे को गले लगाया करते थे परंतु आज के इस भागमभाग के दौर में फगुआ की मस्ती दूर होती जा रही है। होली को लोग जहां पहले सामूहिक रूप से सेलिब्रेट करते थे। अब यह सामूहिक परंपरा अपनों तक ही सिमटती जा रही है।

### केमिकल वाले रंगों से करें परहेज

बाजारों में बिक रहे केमिकल युक्त रंगों से बचने के लिए इस बार होली में कुछ अलग करें। विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो होली अपने बनाये रंगों से ही खेलें क्योंकि केमिकल युक्त रंग न सिर्फ हमारे शरीर पर बल्कि स्वास्थ्य पर भी हानिकारक प्रभाव डालते है। रंग विशेषज्ञों के अनुसार केमिकल वाले रंग बच्चों की त्वचा में समाहित होकर शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते है। इससे बच्चों के मस्तिष्क का विकास प्रभावित होने के साथ ही किडनी, लीवर पर भी असर पड़ता है। रंगों में शामिल टॉक्सिक केमिकल बहुत ही खतरनाक होता है।

**होली खेलने से पहले बरते ये सावधानी :** केमिकल की जगह हर्बल रंगों का प्रयोग करें।

- रंग खेलने से पहले शरीर पर सनक्रीम, तेल व अन्य क्रीम लगा लें और बालों में तेल या मेंहदी लगाए।
- शरीर पर पानी डालने से पहले सूखे रंगों को झाड़ लें।
- आंख में रंग जाने पर 10 से 15 मिनट तक उसे साफ पानी में धोएं।
- पानी से धोने के बाद ड्रॉप या फिर एंटीबायोटिक ड्रॉप आंख में डालें।

# जन सहयोग से शुरू हुआ सड़क निर्माण का कार्य, दर्जनों गांव को मिलेगा लाभ

♦ कैदियों को विधित सहायता के लिए प्राधिकार तत्पर

**केटी न्यूज/रफीगंज**

उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा द्वारा औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड के ओड़ियाचक से रफीगंज-गया तीन मुहान तक जन सहयोग से सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उपस्थित जन समूह ने सड़क निर्माण कार्य पूरा करने का संकल्प लिया।

सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य तारिक अनवर, उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा, मगध के सचिव सह जिला पार्षद गुरारू बालेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष धनेश यादव, उपसचिव किशोरी मोहन व अशोक यादव, सेवानिवृत शिक्षक रामपुकार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों के बीच मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान संघर्ष मोर्चा के सचिव जयनन्दन शर्मा और संचालन उपेंद्र यादव कर रहे थे। उद्घाटन भाषण के दौरान मुख्य अतिथि तारिक अनवर ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी सड़क का नहीं बनना जिला प्रशासन और पटना दिल्ली की सरकारों के लिए शर्म की बात है। हर तरफ से निराश होकर ग्रामीणों ने अब जन सहयोग से सड़क बनाना तय किया है और आज कार्य प्रारंभ कर दिया गया। निर्णायक फैसले संसद और विधानसभाओं में नहीं सड़कों पर होते हैं। जनता ने फैसला कर लिया है। वहीं इस सभा में अपनी बात रखते हुए गुरारू उत्तरी के जिला परिषद सदस्य बालेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि गया और औरंगाबाद जिला के सीमा क्षेत्र पर रफीगंज प्रखण्ड के लोहरा पंचायत अन्तर्गत ओडियाचक एक गांव है जहां लगभग 80 घर की आबादी है। ओडियाचक से तीन मुहान तक मात्र डेढ़ किलोमीटर कच्ची सड़क है। इसे पक्कीकरण करने के लिए मुखिया से लेकर विधायक, सांसद तक को कई बार गाँव के लोग आग्रह कर चुके हैं। आश्वासन भी मिलता है लेकिन आज तक सड़क का पक्कीकरण नहीं हो सका है। सड़क बन जाने से प्रखंड के लोहरा और अरथुआ पंचायत के दर्जनों गांव के लोग लाभान्वित होंगें। इन सभी गांव के लोग इसी रास्ते से ट्रेन पकड़ने इसमाइलपुर रेलवे स्टेशन जाते हैं।



**कन्नी काटते हैं सांसद : विधायक**

ओड़ियाचक गांव औरंगाबाद जिला में स्थित है वहीं सड़क गया जिला में बनना है। ऐसे में दोनों जिले के जनप्रतिनिधि जिम्मेदारी नहीं लेकर एक दूसरे पर डाल रहे हैं। वहीं यह पूरा इलाका औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में आता है। मगर सांसद ने भी इसमें कोई दिलचस्पी नहीं ली।

## खबरें फटाफट

### अर्चना कुमारी दास पर राजद को भरोसा

**जमुई।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर राजद ने पहले चरण के लिए अपने उम्मीदवार के नामों की धोषणा कर दी है। महागठबंधन की ओर से राजद के टिकट पर जमुई लोकसभा सीट से अर्चना कुमारी दास का नाम फाइनल हो चुका है ।पार्टी ने अर्चना कुमारी दास पर अपना विश्वास जताया है ।जमुई सुरक्षित लोकसभा सीट से उम्मीदवार की रेस में कई कद्दावर नेताओं के नामों की चर्चा चल रही थी,लेकिन राजद ने युवा नेत्री अर्चना कुमारी दास पर भरोसा किया है ।पार्टी सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार 28 मार्च को वह अपना नामांकन कराऐंगी। अर्चना कुमारी दास जमुई जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड की बेटी और राजद नेता मुकेश यादव की पत्नी हैं। महागठबंधन की ओर से राजद ने अपने प्रत्याशी उतारने का फैसला सबसे पहले लिया है ।इसमें गया,औरंगाबाद,जमुई और नवादा की सीट शामिल है।

### मतदाता जागरूकता शिविर आयोजित

**जमुई।** प्रखंड कार्यालय में दिव्यांग मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व सक्षम दिव्यांग संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पांडे ने किया ।शिविर को संबोधित करते हुए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सपना सुमन ने कहां सभी दिव्यांगजन अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। मताधिकार के लिए प्रशासन की ओर से सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी ।उन्होंने कहा कि सभी दिव्यांग अपने-अपने गांव मोहल्ले में दिव्यांग वोटर को जागरुक कर उन्हें मतदान का महत्व की जानकारी देते हुए मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें ।संगठन के जिला का संयोजक राजेश दुबे ने ने बताया कि दिव्यांगजन लोग अपने वाजिबी अधिकार के लिए तत्पर रहे। जितना महत्व स्वस्थ व्यक्ति का है उतना ही महत्व आप सभी दिव्यांगजनों का होगा। दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार प्रयोग करने जाने के लिए सभी व्यवस्था की जानी चाहिए। ताकि आसानी से दिव्यांगजन वोट दें सके। कोई भी परेशानी नहीं हो।

## बड़हरा तीन मुहानी के पास बुधवार की शाम पकड़ा गया अपराध कर्मी

# अवैध हथियार के साथ बाइक सवार एक अपराध कर्मी गिरफ्तार, दो फरार

♦ अपराधी के पास एक देशी पिस्टल और एक अपाची बाइक बरामद
♦ एसपी बोले: बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे थे अपराधी
♦ फरार दोनों अन्य अपराधी भी चिन्हित, जल्द होगी गिरफ्तारी

**केटी न्यूज/ आरा**

बड़हरा थाने की पुलिस ने किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे एक अपराध कर्मी को गिरफ्तार किया है। बुधवार की शाम उसे बड़हरा तीन मुहानी के पास पकड़ा गया। उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद की गयी है। एक अपाची बाइक भी जब्त की गयी है। गिरफ्तार अपराध कर्मी बड़हरा थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी अजय सिंह उर्फ छोटे लाल है। हालांकि पुलिस को देख उसके दो साथी भागने में सफल रहे। दोनों की पहचान कर ली गयी है और गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। एसपी प्रमोद तिवारी यादव द्वारा गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम सूचना मिली कि अपाची बाइक पर सवार तीन अपराधी तत्व हथियार के साथ घूम रहे हैं। तीनों किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उस आधार पर हथियार की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बड़हरा तीन मुहानी के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। तब पुलिस को देख बाइक सवार दो अपराधी तो भाग निकले। जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद की गयी। उसके बाद बाइक जब्त कर ली गयी। एसपी ने बताया कि अबतक की जांच में पता चला कि तीनों अपराधी किसी घटना को अंजाम देने निकले थे। फरार दोनों अपराधी तत्वों की भी पहचान कर ली गयी है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर टीम की ओर से छापेमारी की जा रही। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीम में दारोगा बृज बिहारी राय सहित थाने के अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।




### शराब के साथ बाइक जब्त कारोबारी फरार

**औरंगाबाद।** एक बाइक पर लदा अंग्रेजी शराब कुटुंबा थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। जबकि कारोबारी मौके से फरार हो गया। इस दौरान 50.04 लीटर शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा गस्ति के दौरान सड़क किनारे से बाइक पर लदा अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। संदर्भ में संभवतः पुलिस वाहन को देख कारोबारी मौके से फरार हो गया। इधर जब्त वाहन के आधार पर करोबारी की तलाश की जा रही है।



### सिम बेचने निकले बुजुर्ग की कुआं में गिरने से मौत


मृतक पिता

**आरा।** गजराजगंज थाना क्षेत्र के मसाढ़ टोला गांव में गुरुवार को कुएं में गिरने से सिम बेचने वाले एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृत बुजुर्ग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पैठानपुर गांव निवासी 67 वर्षीय देवनाथ महतो थे। वह गांवों में घूम-घूमकर कर सिम बेचते थे। उनके बेटे अखिलेश ने बताया कि रोज की तरह उच्च उसके पिता गुरुवार की सुबह मसाढ़ टोला गांव में सिम बेचने गए थे। उस दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर कर डूब गए। उससे उनकी मौत हो गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उन्हें कुएं में गिरा देखा और घटना की सूचना दी। तब वे लोग मसाढ़ पहुंचे। पुलिस भी पहुंची। उसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को निकाला गया। उसके बाद पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग दो भाई और चार बहनों में छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी फुलवंती देवी, पुत्र अखिलेश, डब्लू और सोनू है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### स्वीप कार्यक्रम के तहत मदनपुर में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**औरंगाबाद।** लोकसभा आम चुनाव में गत चुनाव से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर सभी विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ग्रामीण मतदाताओं को प्रेरित कर बूथ तक लाने की जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी को सौंपी गई है। दरअसल, पुरुष मतदाता तो वोट डालने के लिए बूथ पर स्वयं आते हैं, वहीं महिला मतदाता कोई न कोई परेशानी बताकर बूथ तक जाने में दिलचस्पी नहीं दिखाती हैं जिसके मद्देनजर महिला मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मदनपुर में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। स्वास्थ्य से जुड़े महिला कर्मियो ने कहा कि अपने बहुमूल्य वोट के महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ पर पहुंचकर मतदान करें। कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सफल बनाने के लिए मतदाताओं का जागरूक होना जरूरी है। जागरूक मतदाता ही अपने मतों को समझ सकता है। मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। लोगों को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए। कहा कि 'वोट डालना प्रत्येक व्यक्ति का राजनीतिक अधिकार है, जो हमें भारतीय संविधान से प्राप्त है।




### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**औरंगाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव, होली और रमजान को देखते हुए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। लाउडस्पीकर के माध्यम से अराजक तत्वों को चेतावनी दी गयी। बता दें कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुस्तैद है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है जिसके मद्देनजर दाउदनगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाके में फ्लैग मार्च निकाला और आम लोगों को सुरक्षा का एहसास करवाया। इसका नेतृत्व कर रहे थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां ने बताया कि लोग चुनाव शांति पूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में कराने को लेकर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। आदर्श आचार संहिता कानून का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही। उन्होंने ग्रामीणों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने-धमकाने की कोशिश करता है, तो उसके संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें जिससे उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साथ ही पुलिस उपद्रवियों पर भी कड़ी नजर रख रही है।



# चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**


लोकसभा चुनाव स्वच्छ व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। चुनाव की घोषणा होते ही शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर वाहन चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के द्वारा आज मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाने यथा विभिन्न अपराधों पर रोकथाम को लेकर अंबा थाना अंतर्गत एरका चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच किया गया और संबधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की अप्रिय घटना व असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चल रहा है। ताकि शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराया जा सके। यह अभियान लगातार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के चौक-चौराहों में चलाया जाएगा। साथ ही जो भी लोग ट्रैफिक अधिनियम को ताक पर रखकर वाहन चला रहे हैं, वैसे लोगों से स्थानीय प्रशासन सख्ती से पेश आएगी। उन्होने कहा कि आज चार पहिया समेत अन्य बड़ी वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान गुड़ियों के जरूरी कागजात सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्य जांच की गई। एसपी ने खुद ही कमान संभाली थी। ताकि वाहन चेकिंग अभियान में किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो पाये। एसपी ने बताया कि दूसरे राज्य से आने वाले सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। विशेषकर यात्री बसों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि यात्री बसों के माध्यम से शराब की खेप लाने का प्रयास करने की लगातार सूचना मिल रही है। उन्होंने कहा कि छोटे वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही दलित बस्ती पर भी नजर रखी जा रही है। इसके पीछे मंशा यह है कि दलित परिवार के सदस्य बिना किसी डर-भय के मताधिकार का प्रयोग कर सके। उन्हें डराया-धमकाया या पैसा का लोभ नहीं दिया जा सके। इसके लिए विशेष कार्य योजना बनायी गई है।



# जून में बिहार आएंगे बाबा बागेश्वर, होगा विशाल कार्यक्रम; सजेगा दिव्य दरबार

♦ नौ जून से कार्यक्रम की शुरूआत होगी

**उदवंतनगर (भोजपुर)।** जिले में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने के तुरंत बाद आध्यात्म की सरिता बहेगी। चार जून को चुनाव के नतीजे आएंगे और उदवंतनगर में 10 जून से बाबा बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री का दिव्य दरबार सजेगा। देश में नई सरकार बनने के बाद बाबा बागेश्वर का पहला कार्यक्रम होगा। उदवंतनगर में बाबा बागेश्वर सरकार के आगमन को लेकर तिथि तय हो चुकी है और बागेश्वर सरकार की अनुमति भी मिल चुकी है। बाबा बागेश्वर फाउंडेशन बिहार के भोजपुर इकाई के संयोजक बिट्टू विराट ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुदेव बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार उदवंतनगर में सजेगा। एक बार फिर से बिहारवासियों को उनका सानिध्य व आशीर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि उदवंतनगर आगमन को लेकर उनकी सहमति प्राप्त हो चुकी है। उदवंतनगर में उनके द्वारा हनुमत कथा सुनाई जाएगी व दिव्य दरबार का आयोजन होगा। नौ जून से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। पहले दिन कलश यात्रा निकाली जाएगी। 10 से 12 जून तक गुरु देव द्वारा हनुमत कथा सुनाई जाएगी। इस दौरान दो बार बगेश्वर सरकार का दिव्य दरबार लगेगा। बता दें कि लगभग एक वर्ष से बाबा बागेश्वर के उदवंतनगर में आगमन की चर्चा चल रही है, लेकिन अभी तक कार्यक्रम तय नहीं हो पा रहा था। अब सब कुछ साफ हो चुका है। बागेश्वर फाउंडेशन उनके हनुमत कथा की तैयारियों में जुट गया है।



# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में महिमा कांसेप्ट स्कूल के 16 बच्चे हुए सफल

**केटी न्यूज/जमुई**

अलीगंज प्रखंड के पुरसंडा पंचायत के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पहाड़ों की गोद में बसा बालाडीह गांव के महिमा कांसेप्ट स्कूल बलाडीह के द्वारा लगातार बच्चो की उज्जवल भविष्य बनाने हेतु शिक्षको के द्वारा अथक प्रयास से बच्चे लगातार सफलता प्राप्त कर कर रही वहीं 2024 ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 18 छात्रों ने परीक्षा दिया जिसमे से 16 छात्रों ने सफलता प्राप्त कर परचम लहराकर गांव एवं स्कूल का नाम किया रौशन,वहीं पल्लवी कुमारी,प्रफुल्ल कुमार,रवि कुमार ,बादल कुमार, शिवम कुमार, आदित्य रंजन, अभिषेक कुमार, पीयूष कुमार, प्रियांशु कुमार, राज करण, सोनम कुमारी, काजल कुमारी, अभिषेक कुमार, आलोक कुमार ,शिवानी कुमारी, आनंद राज ने सफलता हासिल कर गौरवान्वित किया। वहीं महिमा कांसेप्ट स्कूल के चार बच्चो ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर गांव सहित स्कूल का नाम रौशन किया,प्राचार्य ज्योति मणि देवी ने बताया की 2023 में भी चार बच्चो ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल एवं गांव का मान बढ़ाया था। इस बार भी बडी संख्या में छात्रों ने सफलता प्राप्त कर गौरवान्वित किया। आज बड़े गर्व है की छोटे से गांव के विद्यालय से लगातार छात्रों ने शिक्षा जगत में नाम रौशन कर गौरवान्वित कर रहे है। प्राचार्य ने कहा की इससे पूर्व भी हमारे स्कूल से सैनिक स्कूल सहित अन्य परीक्षाओं मैं अपने प्रतिभाओं का लोहा मनवाया है,इस सफलता से अभिभावकों के अटूट विश्वास, शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, लगन और गहन अध्ययन से अपने गांव एवं स्कूल का नाम रौशन कर अभिभावक सहित शिक्षकों को गौरवान्वित किया, बच्चे मन के सच्चे होते है उन्हे जिस अनुरूप ढालेंगे वैसा वह बनेगा, वहीं महिमा कांसेप्ट स्कूल के डायरेक्टर अजय कुमार ने कहा की हमें विशेषकर अभिभावकों ओर शिक्षकों का मार्गदर्शन बच्चों के जीवन जीने की शैली को बहुत हद तक प्रभावित करता है।






## खबरें फटाफट

### मानक के अनुरूप सड़क न बनने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**चंदौली।** ताराजीवनपुर क्षेत्र के रामपुर अंडरपास से होकर गहरपुरा पुल तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा इन दिनों मरम्मत कार्य कराया जा रहा है, लेकिन मानक के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को सड़क पर पहुंच कर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। चेताया कि मानक के अनुरूप कार्य नहीं हुआ तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। क्षेत्र के रामपुर डिग्घी, बसनी, सहित तमाम गांव को जोड़ने वाला झांसी से होकर रामपुर तक जाने वाला मुख्य मार्ग काफी लंबे समय से मरम्मत के अभाव में खराब हो गया था। ग्रामीणों की मांग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से रामपुर अंडरपास से गहरपुरा पुल तक मरम्मत कार्य शुरू किया गया। लेकिन मानक के अनुरूप कार्य नहीं किए जाने से ग्रामीणों में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने गुरुवार को दर्जनों की संख्या में सड़क पर पहुंचकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। चेताया कि अगर ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य में मानक की अनदेखी की गई तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को बढ़ाते होंगे । इसको लेकर जेई प्रमोद सिंह बताया कि सड़क का मरम्मत कार्य मानक के अनुरूप किया जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार, मिंटू कुमार ,सुभाष कुमार ,नंदलाल ,तूफानी, पारसनाथ ,जगत ,अनुज, सरजून ,राजेंद्र, अवधेश सहित तमाम ग्रामीण शामिल रहे।

### व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन को अपनी समस्याएं बताईं

**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक वृहस्पतिवार को पुलिस लाइन सभागार में एएसपी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सभागार में मौजूद व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को नोट कराया जिसपर एएसपी ने पुलिस की तरफ से सुरक्षा संबंधी जो भी व्यापारियों की समस्या है निराकरण करने का भरोसा दिया वही अन्य समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों के माध्यम से निराकरण का भरोसा दिलाया । इस मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने होली की बधाई दी।

# लोस चुनावः ईवीएम की सुरक्षा के लिए तैनात होंगे भारी मात्रा में पुलिस बल

- डीएम व एसपी ने साफ-सफाई, पेयजल, टेंट हाउस सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, निर्विध्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल राजकीय पालटेक्निक कालेज, राजकीय आईटीआई एवं लंका मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके बैठने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई, पेयजल, टेंट हाउस अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि समय सीमा के अन्तर्गत यह कार्य पूर्ण करा लिया जाए। पार्टी द्वारा ईबीएम मशीन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी मात्रा में पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित कर चिन्हित किया जाए की किसकी ड्यूटी किस स्थान पर लगाई गई है।

### डीजल व पेट्रोल आरक्षित रखने का निर्देश

**गाजीपुर** भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च 2024 को लोकसभा निर्वाचन-2024 की अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इसके साथ ही जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू व प्रभावी हो गई है। इसके फलस्वरूप जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य से संबंधित भारी व हल्के वाहनों में ईंधन भराने के लिए जनपद के प्रत्येक डीजल व पेट्रोल पंप पर 5000 लीटर डीजल व 1000 लीटर पेट्रोल तत्काल प्रभाव से आरक्षित किया जाता है। यह आरक्षित मात्रा पम्प के स्टाक में बराबर सुरक्षित रखी जाएगी, ताकि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्य से संबंधित भारी व हल्के वाहनों में आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग किया जा सके। उक्त आरक्षित मात्रा का निस्तारण जिला मजिस्ट्रेट-जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश किया जाना है। जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह ने जनपद के समस्त पेट्रोल-डीजल पंप स्वामियों को सूचित किया है कि अपने-अपने डीजल और पेट्रोल पंप पर 5000 लीटर डीजल व 1000 लीटर पेट्रोल का स्टाक तत्काल प्रभाव से माह जून 2024 तक आरक्षित रखें।

## एक नजर

### उपजिलाधिकारी को चार प्रधानों ने सौंपा इस्तीफा



**चंदौली।** सदर विकासखंड के 4 ग्राम पंचायत के प्रधानों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार को अपना इस्तीफा सौंपा। वही आरोप लगाया कि लगातार एक व्यक्ति वर्ष में खंड विकास अधिकारी द्वारा सचिव बदले गए। इससे हम प्रधानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे अच्छे हैं कि हम पद पर ना रहे। सदर विकासखंड के नवही गांव प्रधान राजेंद्र कुमार गौतम ने कहा कि खंड विकास अधिकारी के तानाशाही रवैया के कारण बार-बार सचिवों का स्थानांतरण किया जा रहा है। जिसकी वजह से हमारे ग्राम सभा में कार्य बाधित हुआ है। हमारे द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान भी पूरी तरह से लटका हुआ। ऐसी स्थिति में हम प्रधानगण कोई कार्य करने में असमर्थ है। इससे हम सभी प्रधान विवश होकर हम अपना त्यागपत्र आपके सौंप रहे हैं। इस दौरान नामवर सिंह, वीरेंद्र यादव, धनंजय कुमार शामिल रहे।

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने भृगु शिक्षण संस्थान के पास से गुरुवार की दोपहर तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक का नाम अमित यादव उर्फ चंचल पुत्र विजेंद्र यादव निवासी वजीरपुरा थाना कोतवाली है। शहर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक भृगु शिक्षण संस्थान के पास खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई, पुलिस को देखते ही युवक भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर युवक ने अपना नाम अमित यादव उर्फ चंचल पुत्र विजेंद्र यादव निवासी वजीरपुरा बताया। जमा तलाशी लेने पर युवक के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी अमित यादव उर्फ चंचल को संबंधित धाराओं में न्यायालय में चालान कर दिया।

### हत्या आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**बलिया।** हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए सिविल कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार की शाम आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही छह हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। आरोपी का नाम जोगेन्द्र सिंह उर्फ जोगा पुत्र स्वर्गीय रघुवंश सिंह निवासी दोकटी थाना दोकटी है। आरोपी जोगेन्द्र सिंह उर्फ जोगा के खिलाफ वर्ष 2006 में दोकटी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्जशीट प्रस्तुत किया गया। साक्ष्यों के न्यायिक परिसीलन करने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी जोगेंद्र सिंह उर्फ जोगा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही छह हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया।

### स्काउट गाइड ने मतदान के लिए किया जागरूक

**चंदौली।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद की ओर से गुरुवार को जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज और सूर्या जूनियर हाई स्कूल के स्काउट गाइड जिला सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली को प्रधानाचार्या रीता रानी एवं जिला सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली विद्यालय प्रांगण से निकल कर नगर भ्रमण की और लोगों को एक जागरूक मतदाता होने का भान दिलाया।इस दौरान बच्चे कई नारों के साथ लोगों को जागरूक कर रहें थे जैसे युवा शक्ति की तीन पहचान -शिक्षा सेवा और मतदान, सारे काम बाद में सबसे पहले वोट दे, जागरूक मतदाता देश की शान इत्यादि नारों से स्काउट गाइड ने सभी नगर वासियों को जागरूक किया। इस दौरान जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड अंजू कुमारी, सैय्यद अली अंसारी, उपेंद्र कुमार, अंजू मौर्य, मनीष यादव,पुष्पा यादव, हुमा खान उपस्थित रही।

## सकलडीहा कस्बा में अम्बेडकर तिराहा के पास टीम पहुंची थी जांच करने

# मिठाई दुकानों में सैम्पल जांच करने पहुंची खाद्य सुरक्षा टीम को दुकानदारों ने घेरा

- जांच टीम ने तीन दुकानों से आधा दर्जन सैम्पल लिया
- व्यापारी नेताओं ने लगाया आरोप कि होली पर्व पर अधिकारी व्यवसायियों का कर रहे हैं शोषण

**केटी न्यूज/ चंदौली**



सकलडीहा कस्बा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पुलिस के साथ गुरुवार को मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल तीन दुकानों से आधा दर्जन सैम्पल लिए गए। वहीं छापेमारी की सूचना पर व्यापारियों सहित व्यापारी नेता जुट गए और अधिकारियों से सवाल जवाब करना शुरू कर दिया। मामला बिगड़ता देख अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। इस के बाद बाहर निकल पायी। वहीं दूसरी ओर व्यापारी नेताओं ने आरोप लगाया कि होली पर्व पर अधिकारी व्यापारियों का शोषण कर रहे हैं। जो कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार सकलडीहा कस्बा में सहायक आयुक्त आरएल यादव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम गुरुवार को आ धमकी। टीम ने अम्बेडकर तिराहे से तीन मिठाई दुकानों पर बारी-बारी से बर्फी, छेना, गुलाब जामुन सहित अन्य आधा दर्जन खाद्य पदार्थो का नमूने लिये। टीम का आरोप था कि इन दुकानों पर बेची जाने वाली मिठाई मिलावटी है। इस दौरान टीम ने आवश्यक कागजी कार्यवाही पूरी कर जांच के लिए लिए नमूनों को प्रयोगशाला भेजकर रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करने की बात कहीं। इस बात की सूचना मिलते ही आसपास के सभी दुकानों में हड़कंप मच गया। यह बात धीरे-धीरे पूरे बाजार में फैल गई। इसकी सूचना जब व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता व कृष्णा सेठ को हुई तो यह लोग व्यपारियो संग अधिकारियों के पास आ गये। नेताओं ने जांच टीम के अधिकारियों से सैम्पल लेने के नियम व प्रावधानों की जानकारी मांगने लगे। वहीं दूसरी ओर मौजूद अधिकारी के जवाबों से संतुष्ट नही हुए। जिससे व्यापारियों व खाद्य विभाग के अधिकारियों में काफी बहस व किचकिच होती रही। व्यापारियों के भारी दबाव को देखते हुए टीम ने नजदीक थाना से संपर्क किया। पुलिस वहां तत्काल पहुंची। उन अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान की। वहीं दूसरी ओर जांच टीम को बैरंग वापस होना पड़ा। उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने बताया कि त्यौहारी मौसम में व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है। जो गलत है। जब भी त्योहार नजदीक आता है। खाद्य विभाग की टीम आ धमकती है। दुकानों से सैम्पल लेती है। लेकिन, जांच रिपोर्ट कभी नहीं बताती है। दुकानदारों को जांच के नाम पर शोषण किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह की कार्यवाही हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा सेठ ने कहा कि जब कोई पर्व आता है तो छोटे व्यापारियों को परेशान किया जाता है। यह बंद होना चाहिए।



### गाजीपुर में खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य व तेल के गोदाम और दुकानों पर मारा छापा

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील के युसूफपुर बाजार में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी व पुलिस ने खाद्य तेल के गोदाम व दुकानों पर छापा मारकर खाद्य तेलों के पांच सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजा। साथ ही 15 लीटर के 347 टीन तेल को सीज किया। बताते चलें कि युसूफपुर बाजार में गुरुवार को साप्ताहिक बंदी के दिन खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पुलिस बल के साथ नगर के मछली बाजार स्थित खाद्य तेल के थोक व्यवसाई तुफैल अहमद की दुकान/गोदाम पर छापा डालकर विभिन्न ब्रांड के सरसों के तेल के दो, रिफाइंड पाम आयल के एक, राइस ब्रान आयल के एक,सोयाबीन आयल का एक सैम्पल जांच हेतु लिया। साथ ही गोदाम में मौजूद 15 लीटर के 347 टीन तेल जिसकी अनुमानित लागत छह लाख 17 हजार है को सीज करने की कार्रवाई की गई। युसूफपुर बाजार में नकली खाद्य तेल का कारोबार काफी दिनों से हो रहा है यहां से विभिन्न ब्रांड के नकली तेल प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को पूर्वांचल की विभिन्न मंडियों में बिक्री के लिए भेजे जाते हैं। शिकायत मिलने पर अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आज छापा डाला। छापे की कार्रवाई के समय सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा आरसी पाण्डेय, नायब तहसीलदार विपिन चौरसिया, उपनीरिक्षक रामाश्रय यादव बड़ी संख्या मे पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# आयुष्मान योजना के लिए शिक्षक होंगे प्रशिक्षित

- डायट में चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



आयुष्मान भारत- स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के अंतर्गत स्कूली बच्चों- किशोरों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कल्याण संबंधी जागरूकता पैदा करने और विद्यालय स्तर पर संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सैदपुर में 18 से 21 मार्च तक मुख्य चिकित्साधिकारी देश दीपक पाल एवं उपशिक्षा निदेशक उदयभान के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज कुमार सिंह ने कहा- स्कूलों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता होना जरूरी है।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत आप सभी इस संदेश को पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षकों व विद्यार्थियों तक पहुंचाएं। उन्होंने उम्मीद जाहिर की प्रशिक्षण के दौरान मिली जानकारियां विद्यार्थियों से साझा करेंगे। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के सभी ब्लॉक से तीन तीन कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता राजीव पाठक ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रशिक्षक एसीएमओ डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों के समग्र शैक्षणिक विकास में स्वास्थ्य एवं पोषण की सकारात्मक भूमिका जरूरी है। इसी के मद्देनजर आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम शुरू किया गया है। कार्यक्रम के तहत विद्यालयों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल जाने वाले बच्चों-किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता पैदा करना तथा विद्यालय स्तर पर संचालित स्वास्थ्य गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।

# नार्थ जोन नेशनल सीनियर खो- खो प्रतियोगिता में नीतू ने ब्रांज मेडल

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

खो-खो की राष्ट्रीय खिलाड़ी नीतू गौड़ ने झांसी में आयोजित खेलो इंडिया के तहत नार्थ जोन नेशनल सीनियर खो- खो प्रतियोगिता में यूपी टीम की ओर से खेलते हुए अपनी प्रतिभा के दम पर ब्रांज मेडल जीतकर गांव एवं जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रौशन किया है। इस होनहार खिलाड़ी के सफलता की जानकारी खेल प्रेमियों सहित इलाके के लोगों को हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। खेल प्रेमियों व अन्य लोगों ने अपनी बेटी की इस सफलता पर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह होनहार खिलाड़ी एक दिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की ओर से खेलते हुए गोल्ड जीतकर नाम रौशन करेगी। ब्रांज मेडल विजेता खिलाड़ी नीतू गौड़ ने बातचीत में कहा कि उसे रजत पदक न जीत पाने की कसक रही, मगर उसका पूरा ध्यान अगले मुकाबले में निश्चित ही सोने के तमगे पर रहेगा। कहा कि हम बेहतर खेले मगर विपक्षी हमसे भी बेहतर खेले हैं। मैं उन्हें रजत पदक जीतने पर बधाई देतूं हूं। नीतू गौड़ ने कहा कि खेल हार जीत का हिस्सा है। इसमें निराशा के भाव को उत्पन्न नहीं होने देना चाहिए। कहा कि अगर जिसने हार में कमी ढूढ लिया। निश्चित ही वह अगली बार जरूर विजेता बनकर उभरेगा। उधर कोच राधेश्याम यादव ने बताया कि झांसी में तीन दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के तीसरे स्थान पर रहकर ब्रांज मेडल पर कब्जा जमा लिया।

## देवताओं की होली गीत फाग, झूमर, चहका, बारहमासा गाकर परंपरा का किया निर्वहन

# शिवालयों में भगवान शिव के भोग के बाद जमकर उड़ाए अबीर-गुलाल

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



रंगभरी एकादशी को लेकर ग्राम पंचायत शेरपुर अंतर्गत शेरपुर खुर्द गांव में शिवालयों में भूत-भावन भगवान शिव को पूजा भोग के बाद रंग गुलाल लगाकर जमकर उड़ाए अबीर गुलाल। इस मौके पर ग्राम प्रधान के दरवाजे पर होली गायन का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की कई होली गायन टीमों ने परम्परागत देवताओं की सुर वाली होली गीत गाकर परम्परा का निर्वहन किया। होली के बाद फाग, झूमर, चहका, बारहमासा आदि पारंपरिक होली गीतों पर उपस्थित लोग देर रात तक झूमते नजर आए। इस दौरान जयानंन्द राय ने सभी सभी ने एक दूसरे को कबीर गुलाल लगाया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अंजलि राय, प्रतिनिधि जयानंन्द राय, ओमप्रकाश राय मुन्ना, पहलवान बिकास राय, राजेश राय बागी, मिथिलेश राय, कृष्णकांन्त राय, रमाशंकर राय, कमल बिहारी, राय, डींम्पू राय, सतेन्द्र राय, बबलू राय, जयप्रकाश राय, जितेन्द्र राय, अंकुर राय, सोनू राय,धनजी राय सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सोमेश्वर महादेव मंदिर में मनाई गई रंगभरी एकादशी

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद नगर के महादेवा स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर मे बुधवार की रात रंगभरी एकादशी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भक्तों ने भगवान भोले नाथ को अबीर -गुलाल लगाकर आपस में जमकर होली खेली। भगवान भोलेनाथ के गौना के मौके पर स्वयं भू ज्योर्तिलिंग सोमेश्वर महादेव के मंदिर पर रंगभरी एकादशी के मौके पर बुधवार की रात्रि में आचार्य पं अभिषेक तिवारी की देख-रेख में सोमेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन और भव्य श्रृंगार हुआ। आरती के बाद मंदिर में रंगोत्सव शुरू हुआ। भक्तों ने गर्भ गृह में सोमेश्वर महादेव को अबीर गुलाल चढ़ा कर फाग गायन किया और उसके बाद मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ के बीच जमकर अबीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर होली के गीत पर देर रात तक युवक नाचते गाते रहे। इस मौके आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य पंडीत अभिषेक तिवारी, सुभाषचंद्र गुप्ता, चुन्नू वर्मा, टोनी वर्मा, श्रीराम राय, सौरभ राय, गोपाल सिंह यादव, सुनील गिरी, मनीष जायसवाल, विकाश राय, अभिषेक पाण्डेय, आशीष पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



# राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस होता है: कृपाशंकर

- पार्टी अपने अनुशासित कार्यकताओं के त्याग, तपस्या और गतिशीलता के दम पर होगा लोकसभा

**केटी न्यूज/जौनपुर**

जौनपुर लोकसभो चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिऐ भाजपा के मोर्चों के जिलाध्यक्ष एव मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एव मंडल अध्यक्ष के साथ लोकसभा प्रत्याशी की एक परिचयात्मक बैठके हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 10 वर्ष सफलतापूर्वक भारत की संकल्पना को साकार किया है। मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की आकांक्षा को प्रभावी और सुनियोजित तरीके से पूरा किया है। हमें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस होता है। भारतीय के जीवन को बदलते हुए देखते हैं तो हमें खुशी होती है। हमारी सरकार हमारे राष्ट्र को सशक्त बना रही है और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है। आज मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई राजनीति की शुरूआत हुई है जिसने आम नागरिकों की भावना को समेट लिया है।कार्यकताओं से मोदी सरकार के सफल 10 साल के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। ये उक्त बातें संयुक्त मोर्चा को संबोधित करते हुये लोकसभा के प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने की। संयुक्त मोर्चा की भूमिका पर भी चर्चा करते हुये कृपा शंकर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे आम जनता से संवाद स्थापित करिये और पूरी टीम के साथ हम अपने रिपोर्ट कार्ड को लेकर जनता के बीच जाये। केंद्र में एक बार फिर दोबारा से माननीये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बने, इसके लिए प्रदेश की जनता से आग्रह करें। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह से भाजपा की स्थिति और संकल्प है उस हिसाब से उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें जीतेंगे। विधानसभा प्रभारी नागेश्वर पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आज गरीब पिछड़े व अंन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। प्रधान मंत्री जी ने दूर-दराज के लोगों को जहां पीने के पानी के दिये वही महिलाओं को खाना बनाने में हो रही दिक्कत को दूर करने के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने मोर्चा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी अपने अनुशासित कार्यकताओं के त्याग, तपस्या और गतिशीलता के दम पर पिछले सभी रिकार्डो को तोड़ते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

## एक नजर

### चोरी की 21 बाइक समेत अंतरराज्यीय चोरों का गैंग चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बहराइच।** जनपद की रुपईडीहा थाने की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रुपईडीहा पुलिस ने 21 चोरी की बाइक समेत चोरी करने वाले





अंतरराष्ट्रीय गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये चोर भारत से बाइको की चोरी कर जंगल के रास्ते नेपाल ले जाकर बेचते थे। भारत नेपाल सीमा पर जांच के दौरान रुपईडीहा पुलिस ने इन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। बहराइच पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार किया साथ ही इनकी निशानदेही पर चोरी की अन्य बाइक जंगल के निकट खंडहर से बरामद की। कुल चोरी की 21 बाइक बरामद हुई जिन्हें पुलिस द्वारा सीज कर दिया गया है। पुलिस ने तीनों बाइक चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया की रूपईडीहा थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर आईसीपी चौराहे पर प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह की टीम बुधवार रात को आने जाने वाले लोगों की तलाशी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को कुछ युवक संदिग्ध लगे तो इस पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में सभी ने बाइक चोरी की होने और जंगल से सटे चकिया रोड बक्शी गांव में स्थित खंडहर में 20 अन्य बाइक रखने की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सभी बाइक बरामद कर ली गयी है और सभी अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है जबकि बरामद बाईकों को सीज कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि बाइक चोर बहराइच जिले के साथ सीतापुर, बाराबंकी और लखनऊ से बाइक की चोरी करते थे। इसके बाद सभी नेपाल में जंगल के रास्ते बाइक की बिक्री कर देते थे।

### चोरी की चार मोटरसाइकिल व सात देशी जिन्दा बम के साथ दो गिरफ्तार

**जौनपुर।** थानाध्यक्ष मड़ियाहूं विनोद कुमार मिश्र के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर गांव रामपुरनद्दी में हवेली खंडहर के पास से दो अभियुक्तों



एक मुनीब चौहान उर्फ शेर सिंह पुत्र शिवचन्दर चौहान निवासी ग्राम सरायकालीदास थाना मडियाहूं तथा दूसरा राजकुमार उर्फ राजा पुत्र इन्द्रजीत निवासी ग्राम जियरामऊ थाना मडियाहूं को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास रहा है। इन पर लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चार चोरी की बाइक व सात जिन्दा बम बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है।

### बेखौफ बदमाशों ने फर्नीचर कारोबारी को दिनदहाड़े गोली मारकर मौत के घाट उतारा

**प्रतापगढ़।** जनपद अंतर्गत पट्टी कस्बे के रायपुर रोड स्थित फर्नीचर व्यवसायी नईम को अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश फरार हो गए। उधर बदमाशों की गोली लगने के बाद वहां मौजूद लोगों ने घायल व्यापारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से इलाके में जहां जमकर आक्रोश है, वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि व्यवसाई नईम बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहा था। वह जैसे ही पट्टी बाईपास मोड़ पर पहुंचा, तभी बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पट्टी कोतवाल आलोक कुमार मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए।

## खबरें फटाफट

### दो बच्चे की मां ने प्रेमी से रचाई शादी

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील परिसर में बृहस्पतिवार की शाम दो बच्चों की मां, उसके पति तथा प्रेमी के बीच हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा, लोग देखते रहे। अंत में पति को तरस आया और अधिवक्ता की मौजूदगी में 100 के स्टांप पर विवाह विच्छेद कर दिया। इसके बाद तहसील के मंदिर में सिंदूरदान और जयमाला करा दिया गया। इस मौके पर तहसील




परिसर में जमकर भीड़ उमड़ी रही और लोग सेल्फी लेते रहे। बताते चलें कि भुडकुड़ा कोतवाली अंतर्गत जलालपुर धनी के इंदल कुमार की शादी अक्टूबर 2012 में भुडकुंडा थाना क्षेत्र के सदरजहांपुर गांव निवासी सुशीला देवी से हुई थी। पति-पत्नी में 10 वर्षों तक अच्छे संबंध रहे। इस संबंध से दो बच्चे एक लड़का अनिकेत राम 11वर्ष, एक पुत्री अमृता 7 वर्ष पैदा हुई। इसी बीच पति इंदल कुमार ओमान देश चला गया। जहां अच्छे कंपनी में काम करके परिजनों को पैसा भेज कर जीवकोपार्जन चलाता था। इस बीच इंदल कुमार के घर हैंडपंप की बोरिंग करने आया मजदूर को सुशीला देवी दिल दे बैठी और प्रेम बढ़ता गया। विवाहिता का प्रेम इस कदर बढ़ा कि दोनों साथ जीने मरने का कसम खा लिए। उसने अपने पति और दो बच्चों का मोह माया छोड़ दिया।

वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीकांत पांडेय ने कहा कि पति-पत्नी की रजामंदी के बाद विवाह विच्छेद के बाद विवाहिता सुशीला देवी ने अपने पति बच्चों और परिजनों के मौजूदगी में प्रेमी के साथ हनुमान जी के मंदिर में सिंदूरदान जयमाला पहनाकर शादी रचाई। अंत में शादी के बाद प्रेमी के साथ जा रही पत्नी को देखकर पति के भी आंखों से आंसू छलक गए मीडिया से रोते हुए व अपना दर्द बताते हुए कहा कि ओमान से लाखों रुपया दिया था, लेकिन मैं इतना नहीं समझ पाया की पत्नी की ऐसी हालत होगी। हालांकि दो बच्चों को पाकर मैं काफी खुश हूं। वहीं इस शादी के बाद तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। वहीं दूसरी ओर बच्चों को मां की दूसरी शादी करने से काफी आहत है। उन्हें कुछ भी समझ नहीं आ रहा है।

## भारी आवागमन को देखते हुए परिवहन की बेहतर सुविधा सुनिश्चित किए जाने की तैयारी

# होली पर शत-प्रतिशत ऑन रोड होंगी परिवहन निगम की बसें

- समस्त सक्षम चालक-परिचालक से लिया जाएगा संचालन का कार्य
- सभी बस अड्डों पेयजल, शौचालय आदी की समुचित व्यवस्था होगी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

होली पर्व के अवसर पर यात्रियों के भारी संख्या में आवागमन को लेकर परिवहन की बेहतर सुविधा के लिए योगी सरकार की ओर से पहल की गई है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सभी क्षेत्रीय-सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को होली पर्व के दृष्टिगत शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

समस्त सक्षम चालक-परिचालक से लिया जाएगा संचालन का कार्य उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च, 2024 को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके पश्चात विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा। प्रत्येक क्षेत्र समस्त बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को सुदृढ़ व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। समस्त सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली पर्व की अवधि में यात्रियों की उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त बसों का संचालन योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। बस अड्डों पर बैनरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।



### अनाधिकृत वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने सभी संभागीय-सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को होली पर्व के दृष्टिगत अनाधिकृत वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च 2024 को होली का पर्व मनाया जाना है। प्रायः महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रदेश के अंदर आने वाली व प्रदेश से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय कुप्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है। उन्होंने अनाधिकृत संचालन की रोकथाम के लिए जनहित में 21 मार्च से 01 अप्रैल 2024 तक सभी जनपदों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम हेतु प्रभावशाली संयुक्त चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।

**बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था**

एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग-आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बसों में संचालन के दौरान यह भी सुनिश्चित करें, कि अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जाए।

### मिलावटी खाद्य पदार्थों की सघन जांच से दुकानदारों में मचा हड़कंप

**मऊ।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र तथा जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार आगामी होली पर्व के अवसर पर मिठाईयां एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के क्रम में नायब तहसीलदार घोसी निशान्त मिश्रा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र घोसी के विभिन्न स्थलों पर छापेमारी की। मिलावट के संदेह में औचक निरीक्षण कर छापेमारी करते हुये विभिन्न मिठाईयों तथा अन्य खाद्य पदार्थों के कुल नौ नमूने खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला से जांच कराने हेतु संग्रहित किये गये। संग्रहित किये गये नमूनों का विवरण जिसमें मझवारा मोड़ घोसी स्थित श्रीकमलेश के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का नमूना। मधुबन मोड घोसी स्थित श्रीसुरेश के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना। घोसी स्थित प्रतिष्ठान पार्वती स्वीट्स, प्रो बाल्मिकी से बर्फी का नमूना। घोसी स्थित प्रतिष्ठान आंचल स्वीट हाउस से मिल्ककेक का नमूना। मझवारा मोड घोसी स्थित प्रतिष्ठान मद्धेशिया स्वीट हाउस से बूंदी लड्डू का नमूना। मधुबन मोड़ घोसी स्थित राजकुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से मिल्क केक का नमूना। मझवारा मोड़ घोसी स्थित मदन मोहन के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का नमूना लिया गया। ताकि उसकी जांच करायी जा सके।

## होली के रंग प्रेम और सौहार्द के प्रतीक :डॉ अंजना सिंह



**केटी न्यूज/जौनपुर**

रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर डॉ अंजना सिंह ने शहर के एक लॉन मे अपनी लोक परंपरा को जीवंत करते हुए फगुआ फुहार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया । कार्यक्रम में पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अंजु कन्नौजिया स्त्री रोग विशेषज्ञ ,विशिष्ट अतिथि लोक गायिका वंदना दुबे, डॉक्टर तुलिका मौर्य दंत रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर शैली निगम प्रसूति रोग विशेषज्ञ रही। कार्यक्रम में सभी मातृ शक्तियों ने बढ़-चढ़कर गीत गाया नृत्य किया और और एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी, वहीं लोक गायिका वंदना दुबे ने अपने पारंपरिक लोक गीतों से सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम का संचालन से डॉ नीतू सिंह ने किया। कार्यक्रम में संगठन की मातृ शक्तियों रेखा सिंह, अर्चना श्रीवास्तव, आशा गृह उद्योग की संचालिका सन्नो सिंह , सीमा तिवारी आदि उपस्थित रहीं अंत में डॉक्टर अंजना सिंह ने सभी को सम्मान पत्र देकर धन्यवाद किया और कहा कि होली हमारा सबसे प्रमुख त्यौहार है और अपनी लोक परंपराओं को हमें भूलना नहीं चाहिए ।

### अब चिकित्सक भी करेंगे मतदाताओं को जागरूक

**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक व मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत अब चिकित्सक भी करेंगे मतदाताओं को जागरूक। इस सम्बन्ध में आज मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय पर एक मीटिंग हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि अब चिकित्सक मरीज को इलाज करने के साथ-साथ मतदान के प्रति जागरूक भी करेंगे।




## धर्मेंद्र बोले....निरहुआ कलाकार हैं वह स्क्रिप्ट पर चलते हैं, उन्हें समाजवादी परंपरा का एहसास नहीं

# आजमगढ़ में सपा उम्मीदवार का कदम–कदम पर स्वागत

- यहां की माटी को चंदन के रूप में अपने माथे पर लगाता हूं नेताजी के मान, सम्मान, स्वाभिमान, सोच को ताकत दी

**केटी न्यूज/आजमगढ**

समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी घोषित होने के बाद जनपद पहुंचे धर्मेन्द्र यादव का पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने जगह-जगह उनका स्वागत किया। सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने कहा कि आजमगढ़ की क्रांतिकारी सरजमी को नमन करता हूं। यहां की माटी को चंदन के रूप में अपने माथे पर लगाता हूं। इस क्षेत्र के लोगों ने नेताजी के मान, सम्मान, स्वाभिमान, समाजवादी विचारधारा की सोच को ताकत दी है। ऐसी शानदार सरजमी की सेवा का अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया है मैं सभी आभार व्यक्त करते हुए यकीन और



विश्वास दिलाता हूं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने जो फैसला लिया मैं उनकी उम्मीद पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा। आजमगढ़ की तरक्की, खुशहाली और विकास का समाजवादियों के साथ इतिहास जुड़ा हुआ है। नेताजी ने आजमगढ़ को विकास और तरक्की के रास्ते पर ले जाने की शुरूआत की थी। मैं आज यह फक्र के साथ कह सकता हूं आजमगढ़ के विकास की हर एक-एक ईंट पर या तो नेताजी का या फिर अखिलेश यादव का योगदान है। चाहे आजमगढ़ को मंडल बनाने की बात हो या पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ना ही या फिर पीजीआई बनाना हो। भाजपा सांसद निरहुआ ने तंज कसा था कि अखिलेश यादव जीतकर और धर्मेंद्र यादव हारकर आजमगढ़ से भाग गए थे इस प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि निरहुआ कलाकार हैं दूसरे क्षेत्र से राजनीति में आए हैं उनके सामने जो एक परंपरा होती है कि उन्हे जो स्क्रिप्ट दी जाती है वे उस स्क्रिप्ट पर चलते हैं। उन्हें समाजवादी परंपरा का एहसास नहीं है। समाजवादियों ने न कभी आजमगढ़ को छोड़ा था न आगे छोड़ेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए और इंडिया गठबंधन के फामूर्ले के आधार पर एनडीए को हराने के फामूर्ले पर काम किया जाएगा। आजमगढ़ की सरजमी से समाजवादियों को एक तरफा समर्थन मिला है। हमारे 10 विधायक हैं, गुड्डू जमाली जी की कमी थी वह भी हमारे साथ आ गए हैं आज उनकी भी दुआएं हमारे साथ हैं न सिर्फ आजमगढ़ सदर बल्कि बगल की लालगंज सीट पर समाजवादी पार्टी एक तरफा जीत दर्ज करेगी।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण

# संपादकीय



## सुभाषितम्

जीवन का रहस्य भोग में स्थित नहीं है, यह केवल अनुभव द्वारा निरंतर सीखने से ही प्राप्त होता है। - स्वामी विवेकानंद

## क्या सभी पार्टियों को मिल रहा है चुनाव के लिए समान अवसर

भारत में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। भारत में क्या लोकसभा चुनाव के निष्पक्ष चुनाव हो रहे हैं। सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसको लेकर अब तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी है। सत्ता पक्ष के पास पर्याप्त धन है। सत्ता पक्ष का मीडिया में स्पष्ट प्रभाव है। सीबीआई और ईडी के अधिकारी विपक्षी दलों के नेताओं को अपने निशाने पर ले रहे हैं। विपक्षी दलों के नेताओं को कई महीनों और सालों से जेल में बंद रखा जा रहा है। चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता सील कर दिया गया है। न्यायालय में भी तारीख पर तारीख का फायदा सत्ताधारी दल को मिल रहा है। जिसके कारण चुनाव की निष्पक्षता और समान अवसर को लेकर राजनीतिक दलों के साथ-साथ मतदाताओं में भी लोकतंत्र को लेकर चिंता दिखने लगी है। भारतीय मतदाताओं ने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन के समय का चुनाव देखा है। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव के लिये मीडिया को भी नियंत्रित किया था। मीडिया में सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर प्राप्त हो। इसका पूरा-पूरा ध्यान रखा था। चुनाव के दौरान पैसा देकर मीडिया को मैनेज करने पर उनके द्वारा पूर्णता रोक लगा दी गई थी। मीडिया की सतत निगरानी चुनाव आयोग द्वारा की जाती थी। चुनाव आयोग को की गई शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण होता था। बिना किसी भेदभाव के चुनाव आयोग तुरंत कार्रवाई करता था। मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन द्वारा चुनाव कार्य में लगे हुए अधिकारी यदि कोई लापरवाही अथवा चुनाव में किसी को फेवर करते हुए सरकारी कर्मचारी की भूमिका को देखते थे, तो उसे निलंबित करने की कार्रवाई करने में उन्होंने कोई चूक नहीं की। जिसके कारण सरकारी अमला भी निष्पक्षता से चुनाव कराने में निष्पक्ष भूमिका में रहता था। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन, सरकार से बात करने के स्थान पर अधिकारियों से सीधा संपर्क रखते थे। उन्हें चुनाव कार्य के लिए निर्देश देते थे। भारत के चुनाव आयोग में टीएन सेशन ही एक ऐसे चुनाव आयुक्त हुए हैं, जिन्होंने पूरी निष्पक्षता के साथ चुनाव कराए हैं। पिछले एक दशक में चुनाव आयोग जिस तरीके से सरकार के ऊपर निर्भरता रखकर चुनाव कराता है। सरकार के दबाव में चुनाव आयोग निर्णय करता है। उससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठना शुरू हो गए हैं। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव आयोग का मीडिया के ऊपर भी कोई नियंत्रण नहीं रहा। मीडिया एक पार्टी विशेष के पक्ष में वही दिखा रहा है, जो सत्तारूढ़ दल को फायदा करता हो। विपक्ष को मीडिया में स्थान ही नहीं मिल रहा है। मीडिया में अब समाचार की जगह सत्ता पक्ष को फायदा पहुंचाने वाले कार्यक्रम सुनियोजित रूप से चलाए जा रहे हैं। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मीडिया द्वारा किया जा रहा है। सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। 24 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद कर दिए जाने का नियम है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के द्वारा लगातार चुनाव प्रचार किया जाता है। जिसके कारण 24 घंटे पहले चुनाव प्रचार बंद करना या उस क्षेत्र के मतदाताओं को प्रभावित करने के सारे नियम निष्प्रभावी हो रहे हैं। चुनाव आयोग इस पर पूरी तरह से मौन है। आर्थिक दृष्टि से विपक्षी दलों को कमजोर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। 2017 में जब यूपी के चुनाव होने थे, 1000 और 500 रुपए के नोट तत्काल प्रभाव से बंद कर दिए गए थे। जिसका असर उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। चुनाव बांड का मामला भी अब खुलकर सामने आ गया है। इसका सबसे बड़ा फायदा सत्तारूढ़ दल को हुआ है। बीआरएस लेने वाले अधिकारी को चुनाव आयुक्त बनाया जा रहा है।

## चिंतन-मनन

## प्रार्थना की पुकार

यदि प्रार्थना सच्ची हो तो परमपिता परमेश्वर उस प्रार्थना को जरूर ही सुनते हैं। परमपिता परमेश्वर अत्यंत कृपालु और दयालु हैं, परंतु प्रार्थना के लिए भी हृदय का पवित्र और निर्मल होना अत्यंत आवश्यक है। मन का पवित्र होना, अहंकार और अभिमान से रहित होना नितांत आवश्यक है। ऐसे पवित्र-हृदय-अंतः करण से उत्पन्न हुए भाव ही प्रार्थना हैं। हृदय की पवित्रता का अर्थ है अपने आपको सांसारिक तुच्छ विषय-वासनाओं की आसक्तियों से मुक्त कर लेना। सब तरह की आसक्ति से रहित होना ही हृदय की पवित्रता है। किसी तपस्वी ने ठीक ही कहा है- सच्चे-वास्तविक जीवन को पाने की आकांक्षा उत्पन्न होना ही प्रार्थना है। हमारे भीतर हृदय में जिसकी खोज होगी, भीतर जिस चीज को पाने की प्यास होगी- तो, ही हम उस दिशा में जा सकेंगे। प्रार्थना होती है आत्म बोध से। आत्मबोध में ही परमार्थ की प्यास जगती है और तुच्छ स्वार्थी का परित्याग होता है। प्रार्थना है- परिपूर्ण समर्पण, अपने अहंकार के बोझ को अपने सिर से उतार फेंकना और उसके पावन चरणों में अपना सिर झुका देना। जो प्रभु की कृपाएं और उनका अनुग्रह चाहता है उसे चाहिए कि वह किसी से भी किसी तरह का वैर-विरोध न करे। वह सत्य बोले, वह असत्य, छल-कपट, निंदा-चोरी आदि से हमेशा दूर रहे। अपनी इंद्रियों पर हमेशा संयम रखे, किसी भी प्रकार का लोलुप-लालची न हो। वह कभी अहंकार अभिमान न करे, शत्रु-द्वेष को छोडकर मन को शुद्ध पवित्र रखें। प्रार्थना की शक्ति बहुत ही अद्भूत है। वह भगवान को भक्त का उद्धार करने के लिए अवश्य ही बाध्य कर देती है, परंतु प्रार्थना सच्ची हो, हृदय से हो। भगवान ने प्रार्थना मीरा की सुनी, बुद्ध की सुनी, उन सबकी सुनी जिन्होंने परहित के लिए उन्हें याद किया। वह हर मानव मन में चल रहे भाव-कुभाव को अच्छी तरह से जानते हैं। अतः उसके समक्ष जब भी जाएं, शुद्ध भाव रखें।

# आखिर क्यों विभाजित नहीं होती भाजपा ...

-राकेश अचल



भारत की राजनीति में कांग्रेस समेत अधिकाँश दल अक्सर विभाजित होते आये हैं लेकिन भाजपा में अभी तक स्पष्ट विभाजन कभी हुआ। भाजपा टूटी लेकिन ऐसी नहीं की उसकी टूटन से भाजपा का भत्ता ही बैठ जाए। भाजपा में इस समय पिछले 44 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा असंतोष है लेकिन भाजपा विभाजित होने वाली नहीं है। भाजपा में अब तक गुजरात और मध्य प्रदेश में ही बगावत हुई थी लेकिन अब बगावत के सुर कर्नाटक से उठ रहे है।

भाजपा ने विभाजन का दर्द कभी ढंग से महसूस ही नहीं किया जबकि कांग्रेस तो बीते सौ साल में एक बार नहीं बल्कि बार-बार विभाजित हुई ,किन्तु कभी समाप्त नहीं हुई। आज भी कांग्रेस की देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं। तेलंगाना,हिमाचल और झारखंड अभी तक कांग्रेस का ध्वज उठाने वाले राज्य हैं। दो आम चुनाव जीतने के बाद भी भाजपा इस देश को कांग्रेस मुक्त नहीं कर पायी है। 2024 के आम चुनाव में क्या होगा ,ये कहना कठिन है।

आपको बाटा दूँ कि 1947 में देश के स्वतंत्र होने से लेकर से लेकर 2019 तक, 17 आम चुनावों में से, कांग्रेस ने 6 में पूर्ण बहुमत जीता है और 4 में सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व किया है। इस तरह कांग्रेस कुल 49 वर्षों तक वह केंद्र सरकार का हिस्सा रही। कांग्रेस ने देश को एक -दो नहीं बल्कि पूरे सात प्रधानमंत्री दिए हैं। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ,लाल बहादुर शास्त्री , इंदिरा गांधी ,राजीव गांधी ,पी.वी. नरसिम्हा राव और डा मनमोहन सिंह कांग्रेस के अंतिम प्रधानमंत्री बने । कांग्रेस 2014 के आम चुनाव में एक बार सत्ताच्चुत हुई तो अब तक सत्तारूढ़ नहीं हो पायी। कांग्रेस ने आजादी से अब तक का सबसे खराब आम चुनावी प्रदर्शन 2014 में किया और 543 सदस्यीय लोक सभा में केवल 44 सीट जीती। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस 44 से आगे बढ़कर 52 पर आ पायी ,अब 18 वे आम चुनाव में कांग्रेस की छलांग उसे कहाँ तक ले जा पाएगी ये भविष्य के गर्त में हैं।

मै बात कर रहा था भाजपा में असंतोष की । भाजपा में पिछले 44 साल में 11 अध्यक्ष चुने गए, मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल एक्सटेंशन पर हैं। भाजपा को सत्ता के शीर्ष तक पहुँचाने के लिए भाजपा का रथ खींचने वालों में अटल बिहारी बाजपेयी,डॉ मुरली मनोहर जोशी,बंगारू लक्ष्मण, कुशाभाऊ ठाकरे और जेना कृष्णमूर्ति के अलावा वैंकया नायडू,राजनाथ सिंह ,नितिन गडकरी और अमित शाह का नाम प्रमुख है। भाजपा में असंतोष लालकृष्ण आडवाणी के समय भी था और आज भी है । आडवाणी के समय में मध्य-प्रदेश में उमा भारती और गुजरात में केशूभाई के बाद शंकर सिंह बाघेला जैसों ने बगावत की,अलग पार्टियां बनाई,लेकिन वे कभी राष्ट्रीय पार्टियां नहीं बन पायीं और अंततः भाजपा से अलग हुई पार्टियां भाजपा में ही विलीन हो गयीं।

पिछले एक दशक से सत्ता पर काबिज भाजपा की चाल,चरित्र और चेहरे में बहुत तब्दीली आयी है। आज भाजपा कारपोरेट तरीके से चल रही है। भाजपा में बगावत का मतलब बागी साथी का मटियामेट करना होता है। जो पार्टी नेतृत्व के खिलाफ गया उसको मिट्टी में मिला दिया गया हो। यशवंत सिन्हा से लेकर तमाम लोग हैं जो मौजूदा नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने में घबड़ा रहे हैं। मौजूदा नेतृत्व के आतंक के बावजूद हरियाणा में ,राजस्थान में ,आंधी प्रदेश में और अब कर्नाटक में बगावत के स्वर सुनाई दे रहे हैं।

ताजा खबर ये है कि बेटे को टिकट नहीं मिलने से नाराज कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने शिवमोग्गा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। इस लोकसभा सीट से भाजपा ने बी एस येदुयुरप्पा के बेटे बी वाई राघवेंद्र को उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को के.एस. ईश्वरप्पा ने येदियुरप्पा परिवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि शिवमोग्गा से वह चुनाव जीतेंगे,चुनाव नतीजों के बाद येदियुरप्पा के दूसरे बेटे बी.वाई. विजयेंद्र से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पद छिन जाएगा। उन्होंने अपने बेटे कांतेश का टिकट कटने का ठीकरा भी येदियुरप्पा पर ही फोड़ दिया। इस बयान के बाद येदियुरप्पा का भी बयान आया। उन्होंने कहा कि विजयेंद्र को जिम्मेदारी केंद्रीय नेतृत्व ने दी और जनता उनके आरोपों का जवाब देगी।

आम चुनाव कोई प्रक्रिया शुरू होने के बाद भाजपा में असंतोष को दबाने के लिए भाजपा का नेतृत्व क्या सबके साथ यशवंत सिन्हा की तरह ही व्यवहार करेगा या कोई दूसरा रास्ता खोजेगा ये कहना कठिन है। भाजपा का असंतोष कांग्रेस के लिए कितना फायदेमंद होगा कहना जल्दबाजी होगी ।हाँ यदि भाजपा की ही तरह कांग्रेस भी अपने यहां भाजपा के असंतुष्टों के लिए शरणार्थी शिविर खोल ले तो शायद बात बन जाए। वरुण गांधी से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के भांजे अनूप मिश्रा तक असंतुष्टों की कतार में हैं।

नेतृत्व के मामले में दोनों दलों में जमीन -आसमान का अन्यत्र है। कांग्रेस का नेतृत्व जहाँ गांधी परिवार की छाया से मुक्त नहीं है वहीं भाजपा का नेतृत्व इस समय स्वयंभू हो गया है । उसके ऊपर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का नियंत्रण भी नहीं रह गया है।

# सावधानी : जल संकट की चेतावनी!

- हेमेन्द्र क्षीरसागर



हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अधिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरूआत की थी। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी के महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए। लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है। गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4 फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। वस्तुतः पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व इसी से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग के कारण मीठे पानी की कमी अब नजर आने लगी है। जल संकट एक ऐसी स्थिति है जहां किसी क्षेत्र के भीतर उपलब्ध पीने योग्य, अप्रदूषित पानी उस क्षेत्र की मांग से कम हो जाता है। भूजल पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत है जो हमारे जीवन को समृद्ध करता है। हालांकि, सतह के नीचे संग्रहीत होने के कारण, इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन बदतर होता जाएगा, भूजल अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। हमें इस बहुमूल्य संसाधन को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सचेत भूजल मेघ से बाहर हो सकता है, लेकिन यह मेधा से बाहर नहीं होना चाहिए। भूजल को प्रदूषण से बचाना चाहिए और लोगों और खुद की जरूरतों को संतुलित करते हुए इसका स्थायी रूप से उपयोग करना चाहिए। तभी जल हमें और हमारे कल को बचाएंगा। आखिर! यह हमारी आने वाली पीढ़ी की अनमोल धरोहर है। इसे सार-संभाल कर रखने की जिम्मेदारी हमें ही मिलकर निभानी होगी। अन्यथा रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती मानुष चून। वर्षों पुराना यह दोहा कभी नीतिवाद से प्रेरित लगता था, लेकिन आज यह सच साबित होता दिख रहा है। बढ़ते जल संकट को लेकर पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा का यह कहना था कि, अगला विश्वयुद्ध पानी को लेकर लड़ा जाएगा। भविष्य में जल के भयावह संकट की चेतावनी दी थी! यह हूबहू चरितार्थ हो रही है। सावधानी, जल संकट से बचने का उपाय हमें सतर्क और सजग रहकर हर हाल खोजना होगा। अन्यथा जन-जीवन का अस्तित्व ही समाप्त। आईए, संकट के कालकंट हम सब मिलकर जल को बचाए, जल हमारे जीवन को बचाएंगा।

# नकली दवा के असली सौदागरों पर कसे सख्त नकेल

- ऋतुपर्ण दवे

इसे व्यवस्थाओं की नाकामियाबी कहें या भ्रष्टाचार का खेल, लेकिन सच्चाईयही है कि इंसान की जान से बेपरवाह लोग,पैसों की हवस के आगे दरिन्दे बन मौत के सौदागर तक बन जाते हैं। कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह केराष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बादलोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है,जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। इसका दूसरा पहलू यह भी कि इसे रोकने खातिर लंबे-चौड़े अमलेपर भारी भरकम खर्च औरसख्त कानूनों के बावजूद जारी रहना खुद में बड़ा सवाल है ।नकली दवाओं के बेखौफ दरिन्दे दिल्ली जैसी जगह में बैठकर सबको धता बताधोखेबाजी को अंजाम दें और शासन-प्रशासन के नुमाइन्दे ह्लनक्कालोंसेसावधान धोखेबाजोंसेसावधानह्व का राग अलापतें रहें तो अटपटा जरूर लगता है। दिल्ली पुलिस ने तमाम सबूतों के साथ कैंसर की नकली दवा बनाने वालेजिस गिरोह का पदार्फाश किया उसमें 12लोग शामिल हैं, हो सकता है कई और पुलिस की रडार पर हों जो बाद में शिकंजे में आएं। दुखद यह किआरोपियों में दो जाने-माने कैंसर अस्पताल के कर्मचारी थे। निश्चित रूप से पूरा गैंग, सारी तैयारियों से इस काम में जुटा थाजिसकी कई पर्तें खुलना बांकी हैं ।आगे और खुलासों से संभव है कि ऐसे कई और गैंग बेनकाब होंगे जो देश-विदेश में जहां-तहां जड़ें जमाए हों। पिछले सालविश्व स्वास्थ्य संगठन( डब्ल्यू.एच.ओ. ) ने भारत मे बिक रही कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकरचेताया था। कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को नाम सहित उजागर कर जानकारीभी दी थी। नकली दवाओं के असली निमार्ताओं ने भी दावा किया था कि उनके नाम व ब्रान्ड पर भारत में नकली दवाओं का असली खेल चल रहा है ।तबतरह-तरह के सवाल लोगों केजेहन में आए कि क्याबाहर सेनकली दवाओं की खेप आ रही है कहीं किसी बड़े अंतर्राष्ट्रीय गिरोह कीसाजिशतो नहीं लेकिनकुछ ठोस कार्रवाई होती दिखी नहीं। शर्मनाक यह भी कि भारत के औषधि महानियंत्रक यानी ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डी.सी.जी.आई.) तक बेसुध रहे कि कैंसर तथा लिवर के नकली इंजेक्शन धड़ल्ले से और खुले आम कैसे बिक रहे हैं। डब्ल्यू.एच.ओ. नेतो चेताया लेकिन यहां किसे होश आया यह तो ठीक वैसा ही हुआ जैसे कोरोना का नकली रेमेडिसविर इंजेक्शन ने न जाने कितनों की जान ले ली और जिम्मेदार बेसुध रह-डब्ल्यू.एच.ओ.की चेतावनी के बाद डी.सी.जी.आई.ने भी माना था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पादसहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं। सवाल यही कि जानकर भी महकमेने क्या किया यकीनन दिल्ली पुलिस ने काबिल-ए-तारीफ काम किया ।लेकिन हैरानी है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ड्रग कंट्रोलर कीनकली दवाओं पर नजर रखने कीहिदायत के बाद विभाग कितना चेता कहां-कहां, क्या-क्या बड़ी कार्रवाई हुईदिल्ली में पकड़े गए इस अकेले गिरोह नेदो सालों में हीकरोड़ों रुपए की दौलत बनाई। अभी देश में न जाने कितने गिरोह पर्दे के पीछे होंगे पैसों के भूखेइन नरपिशाचों की करतूतें रोंगटे खड़े करने वाली हैं। बेहद सुनियोजित तरीकों से अपने काम को अंजाम देता यह गिरोह कैंसर की दवा की खाली शीशी पांच हजार रुपए में खरीदता जिसकी कीमत 2.96 लाख रुपये तक होती।

## आज का राशिफल

**मेष** आज भाग्य साथ रे रहा है और आज आपको राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी।

**तुला** आज आपकी शिक्षा और प्रतियोगिता में जीत होने से खुशी के मौके हासिल होंगे।

**वृषभ** आज आर्थिक लाभ होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको परिवार के लोगों का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** लाभ होगा और आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

**मिथुन** आज आपको ईश्वर के आशीर्वाद से किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति की प्राप्ति होगी।

**धनु** धन गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी।

**कर्क** मामलों में लाभ होगा। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी।

**मकर** आपको मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सुख शांति से बीतेगा। आपको दूसरों की मदद करने का मौका मिलेगा।

**कुंभ** कार्य से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

**कन्या** दिन है और आपके धन में वृद्धि होगी। आज आपको पुण्य कार्य पर खर्च करने का मौका मिलेगा।

**मीन** समृद्धि में वृद्धि होगी और काम से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। बढ़ती प्रोग्रेस से लाभ होगा।

## विशेष

## आंध्रा में वाह मोदी और आह मोदी

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी के नेता पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और तेलुगु फिल्मों के अभिनेता जनसेना पार्टी के अध्यक्ष पवन कल्याण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में भाग लेने पहुंचे। नरेंद्र मोदी ने रैली में कहा एनडीए सभी क्षेत्रीय दलों को साथ लेकर चलती है। दूसरी और कांग्रेस पार्टी जिसका एक ही एजेंडा है। जो उसके गठबंधन में शामिल होता है। उसको यूज करने के बाद थ्रो कर देता है। चंद्रबाबू नायडू प्रधानमंत्री की बात को सुन रहे थे,और मुस्कुरा भी रहे थे। उनके मुंह से आह भी निकल रही थी। वह वाह भी कर रहे थे। भाजपा और तेलुगु देशम पार्टी के बीच में सीट शेयरिंग का फामूर्ला तय हो चुका है। भाजपा 6 सीटों पर और तेलुगु देशम पार्टी लोकसभा की 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा का आंध्र में कोई जनाधार नहीं है। भाजपा तेलुगु देशम पार्टी का सहारा लेकर आगे बढ़ती रही है। तेलुगु देशम पार्टी के साथ कभी कांग्रेस का समझौता नहीं हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में तेलुगू देशम पार्टी ने हमेशा भाजपा का साथ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह किसके लिए बोला,आसानी से समझा जा सकता है। चंद्रबाबू नायडू को भी इस समय सहारे की जरूरत थी। प्रधानमंत्री की बात सुनकर उनके पास मुस्कराने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। राजनीति में इसे ही आह और वाह का खेल कहते हैं।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1739: नादिरशाह दिल्ली में घुसा और कत्ले आम का हुक्म जारी किया जो 45 दिन तक चला. 1765: इंग्लैड की संसद ने अमेरिकी उपनिवेशकों से राजस्व जुटाने के लिए कानून बनाया. 1793: लार्ड कार्नवालिस ने बंगाल और बिहार स्थायी बस्तियां बसाए जाने की घोषणा की. 1794: अमेरिकी कांग्रेस ने अपने जहाजों से दासों को आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाया. 1893: चटगांव शस्त्रागार कांड के मास्टर दा उर्फ सूर्यसेन का जन्म. 1917: अमेरिका ने रूस की काम चलाऊ सरकार को मान्यता दी. 1934: होकोडेट,जापान मे आग से सम्पर्ण शहर नष्ट, 500 लोगों की मृत्यु 000अन्य घायल. 1942: सर स्टैम्पर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में एक दल भारत आया था. 1945: अरब लिग की स्थापना ताहिरा मे हुई थी. 1946: ब्रिटेन ने ट्रांस जार्डन को स्वतंत्रता की मान्यता दी.

## दैनिक पंचांग

22 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




शुक्रवार 2024 वर्ष का 82 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु बसंत।
विक्रम संवत् 2080
शक संवत् 1945
मास फाल्गुन पक्ष शुक्ल
तिथि त्रयोदशी अहोरात्र।
नक्षत्र मघा 04.28 बजे रात्र को समाप्त।
योग धृति 18.35 बजे को समाप्त।
करण कौलव 18.01 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 11.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 00° 44'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871926
जूलियन दिन 2460391.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना रमजान
तारीख 11
विशेष प्रदोष व्रत।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.13 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.53 बजे से |
| मंगल | मकर में | मिथुन | 10.51 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 13.05 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 15.21 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कन्या | 17.33 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.44 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.58 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 00.14 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | मकर | 02.19 बजे से |
| | | कुंभ | 04.06 बजे से |
| | | मीन | 05.39 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तारीख का ऐलान हो गया। यूपी में पूर्वांचल की 12 लोकसभा सीटों पर नजर डालें तो तीन दशक या यूं कहें कि पिछले 7 लोकसभा चुनावों में भाजपा, सपा और बसपा के बीच कांटे की टक्कर रही है। कहीं पार्टी भारी पड़ती है तो कहीं कैंडिडेट अपने दम पर चुनावी बाजी मार ले जाते हैं।


बीजेपी, सपा, बसपा के बीच कांटे की टक्कर; कहीं पार्टी तो कहीं कैंडिडेट पड़ जाते हैं भारी

# यूपी के पूर्वांचल की 12 लोकसभा सीटों का संग्राम

कुछ सीटों पर बसपा ने सबसे अधिक बार जीत दर्ज की है। कई सीटों पर सपा और भाजपा ने बारी-बारी से परचम लहराया। आज हम पूर्वांचल की 12 सीटों को पिछले चुनावों के हिसाब से समझेंगे। यह भी जानेंगे कि 2024 का चुनाव कितना रोचक होने वाला है। साथ ही जातीय और सामाजिक समीकरण से सीटों की राजनीति को समझने की कोशिश करेंगे।

## वाराणसी लोकसभा सीट

वाराणसी लोकसभा सीट पर पिछले 7 चुनावों पर नजर डालें तो भाजपा ने 6 बार और कांग्रेस ने एक बार जीत दर्ज की है। इन 28 सालों में 3 बार भाजपा के शंकर जायसवाल सांसद रहे। 1 बार डॉ. मुरली मनोहर जोशी सांसद रहे। एक बार कांग्रेस से डॉ. राजेश मिश्रा चुनाव जीते। पिछले दो चुनावों में पीएम मोदी वाराणसी से सांसद बने और तीसरी बार भी वे वाराणसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।



### वाराणसी सीट का जातीय समीकरण

वाराणसी में करीब 3 लाख ब्राह्मण, 3 लाख मुस्लिम वोटर हैं। 3 लाख से ज्यादा गैर यादव ओबीसी वोटर हैं। 2.5 लाख से ज्यादा वोटर कुर्मी बिरादरी के हैं। करीब 2 लाख वैश्य वोटर और 1.5 लाख भूमिहार वोटर हैं। वाराणसी में एक लाख यादव और एक लाख अनुसूचित जातियों के भी मतदाता हैं।

### क्या है वाराणसी का सामाजिक समीकरण

इस सीट पर भाजपा ने मुरली मनोहर जोशी के बाद नरेंद्र मोदी को उम्मीदवार बनाया। वीवीआईपी सीट होने के कारण भाजपा को यहां बड़ी जीत मिलती रही है। राजनैतिक लिहाज से भाजपा इस सीट पर बेहद मजबूत मानी जाती है। सपा गठबंधन और बसपा ने अभी 2024 के लिए वाराणसी से उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं।

## लालगंज लोकसभा सीट

पिछले 30 साल के चुनाव परिणाम पर नजर डालें तो इस सीट से 4 बार बसपा, 2 बार सपा जबकि सिर्फ एक बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। आगामी चुनाव के लिए भाजपा ने नीलम सोनकर और सपा ने दरोगा सरोज को उतारा है। जबकि बसपा ने अभी यहां से उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है ।लालगंज सीट से भाजपा ने नीलम सोनकर को उम्मीदवार बनाया है।

- **लालगंज सीट का जातीय समीकरण-** इस सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 76 हजार है। सबसे ज्यादा दलित वोटर हैं जिनकी संख्या 4 लाख के आसपास है। मुसलमान मतदाता 2.5 लाख हैं। यादव 2 लाख हैं, इसी तरीके से राजभर, वैश्य, सवर्ण मतदाताओं की संख्या भी 1 से 1.5 लाख के बीच है।
- **लालगंज सीट का राजनीतिक समीकरण-** आगमढ़ सीट से धर्मेंद्र यादव को उतारकर सपा ने लालगंज को भी साधने की कोशिश की है। धर्मेंद्र यादव के चुनाव लड़ने से यादव और मुस्लिम वोट एक साथ लाने की रणनीति है। बीजेपी ने पूर्व सांसद नीलम सोनकर पर दांव खेला है, नीलम दलित वर्ग से आती हैं और यह सीट दलित वोट से ही हार जीत तय करती है। भाजपा को लगता है कि अगर अन्य पिछड़ा वर्ग उनके साथ आ जाए और सवर्ण वोटर साथ रहें तो चुनाव में अच्छी फाइट हो सकती है। ओम प्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान जैसे नेताओं से भी भाजपा को इस सीट पर लाभ पाने की उम्मीद है। हालांकि अभी तक बसपा यहां से उम्मीदवार नहीं उतारा है। बसपा प्रत्याशी के मैदान में आने के बाद लालगंज का चुनाव और दिलचस्प होगा।

## आजमगढ़ लोकसभा सीट

आजमगढ़ लोकसभा पर 1996 से अब तक 4 बार सपा, 3 बार बसपा और 2 बार भाजपा को जीत मिली है। 2024 के चुनाव के लिए भाजपा ने दिनेश लाल यादव निरहुआ को टिकट दिया है। वहीं सपा ने धर्मेंद्र यादव को मैदान में उतारकर मामला रोचक कर दिया है। बीएसपी अभी तक प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है।

- **आजमगढ़ का जातीय समीकरण-** इस सीट पर कुल मतदाता 19 लाख हैं। इसमें सर्वाधिक यादव वोटर हैं, जिनकी संख्या करीब 3.5 लाख है। मुसलमान 3 लाख और दलित भी करीब 3 लाख के आसपास हैं। इसके साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग भी आजमगढ़ में 2.5 लाख से ज्यादा हैं। सवर्ण वोटरों की संख्या करीब 2 लाख है। आजमगढ़ से सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने धर्मेंद्र यादव को सपा का उम्मीदवार बनाया। जबकि भाजपा से दिनेश लाल निरहुआ प्रत्याशी हैं।
- **आजमगढ़ सीट का सामाजिक समीकरण-** आजमगढ़ को सपा का गढ़ कहा जाता है। यहां का राजनीतिक समीकरण देखें तो यादव और मुसलमान मिलकर सपा को मजबूत बनाते हैं। लेकिन 2022 में उप चुनाव में हार के बाद भाजपा की इस सीट से उम्मीद बढ़ गई है। यहां एमपी सीएम मोहन यादव व पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंच चुके हैं।

## जौनपुर लोकसभा सीट

जौनपुर लोकसभा सीट पर 1996 से बीजेपी और बीएसपी को 3-3 बार जीत मिली है। सपा को 2 बार जौनपुर लोकसभा से जीत मिली। इस सीट से 2024 के लिए बीजेपी ने कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। वहीं सपा और बसपा ने अभी तक उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं।

- **जौनपुर लोकसभा सीट का जातीय समीकरण-** जौनपुर लोकसभा सीट पर यादव मतदाता करीब 3 लाख हैं। मुस्लिम मतदाता 2.5 लाख, ब्राह्मण वोटर 2.5 लाख और क्षत्रिय वोटर्स की संख्या 2 लाख के आसपास है। पिछड़ी जाति के वोटर भी 2.5 लाख से अधिक हैं। जौनपुर सदर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं।
- **जौनपुर का राजनीतिक समीकरण-** जौनपुर लोकसभा सीट पर सपा, बीजेपी और बसपा तीनों दलों को अपनी जीत की उम्मीद रहती है। ठाकुर, ब्राह्मण जब बीजेपी के साथ रहे तो भाजपा जीती और बसपा के साथ रहे तो बसपा को जीत मिली। यादव-मुसलमान और कुछ पिछड़ी जातियों के गठजोड़ से सपा को चुनाव जीतने में आसानी होती है। इस बार सपा, बसपा समीकरण साधने में जुटे हैं ताकि भाजपा को मात दिया जा सके।

## मछलीशहर लोकसभा सीट



मछलीशहर लोकसभा सीट पर नजर डालें तो तीन दशक के चुनाव में भाजपा ने 4 बार, सपा ने 2 बार और बसपा ने 1 बार जीत हासिल की है। 2024 के लिए अब तक भाजपा, सपा और बसपा तीनों ने ही प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।

- **मछलीशहर लोकसभा सीट का जातीय समीकरण-** इस सीट पर सार्वाधिक वोटर दलित करीब 3.5 के पार हैं। पिछड़ी जातियों यादव 2 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति 2.5 लाख, क्षत्रिय 2.5 लाख ब्राह्मण 1 लाख 70 हजार। मुसलमान और वैश्य की आबादी 1-1 लाख है।
- **मछलीशहर लोकसभा सीट का राजनीतिक समीकरण-** सुरक्षित सीट मछलीशहर भाजपा के लिए मजबूत सीट मानी जाती है। ब्राह्मण, क्षत्रिय के साथ ही ओबीसी यहां बीजेपी को सपोर्ट करती है। हालांकि बसपा और सपा भी यहां मुकाबले में टक्कर देती है। अभी इस सीट से तीनों ही दलों ने प्रत्याशी नहीं उतारे हैं।

## घोसी लोकसभा सीट

1996 के बाद घोसी लोकसभा सीट को देखें तो सबसे अधिक 3 बार बसपा और 2 बार कांग्रेस को जीत मिली है। 1 बार सपा और 1 बार बीजेपी ने जीत हासिल की। भाजपा गठबंधन में 2024 चुनाव के लिए इस सीट को सुभासपा कोटे में दिया है। सपा और बसपा के उम्मीदवार उतरने बाकी हैं। घोसी लोकसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी अरविंद राजभर बनाए गए हैं।

- **घोसी का जातीय समीकरण-** लगभग 19 लाख की आबादी वाले घोसी लोकसभा सीट पर 4 लाख से अधिक दलित मतदाता हैं। 2.5 लाख से अधिक मुस्लिम हैं जबकि 2.5 लाख यादव हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 1.5 लाख है। वहीं चौहान करीब 2 लाख और राजभर 1.5 लाख हैं। भूमिहार वोटर्स की संख्या 1.4 लाख है।
- **घोसी का राजनीतिक समीकरण-** यादव, मुस्लिम, दलित और पिछड़ी जातियों की बहुलता के कारण यह सीट सपा और बसपा के लिए अधिक मुफीद मानी जाती है। अभी यहां से सपा और बसपा ने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। जबकि एनडीए गठबंन में सीट जाने के कारण सुभासपा कोटे से अरविंद राजभर को मैदान में उतारा गया है।

## गाजीपुर लोकसभा सीट

पिछले 7 लोकसभा चुनावों को देखें तो गाजीपुर लोकसभा सीट पर बीजेपी 3 बार, समाजवादी पार्टी 3 बार और बसपा ने 1 बार जीत दर्ज की है। गाजीपुर से सपा ने अफजाल अंसारी को टिकट दिया है वहीं भाजपा और बसपा ने अभी उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं किया है।

- **गाजीपुर का जातीय समीकरण-** गाजीपुर सीट पर कुल वोटर 28 लाख से अधिक हैं। यादव बाहुल्य सीट पर यादव मतदाता 4.5 लाख दलित 4 लाख मुस्लिम 3 लाख वहीं राजपूत 1.5 लाख और ब्राह्मण 1.5 लाख हैं। इसी तरह से बिंद राजभर और चौहान वोटर्स भी 1 लाख से अधिक हैं। गाजीपुर लोकसभा सीट से अफजाल अंसारी को सपा ने उम्मीदवार बनाया है।
- **गाजीपुर का सामाजिक समीकरण-** गाजीपुर लोकसभा सीट पर सपा-बसपा के मूल वोटर्स बड़ी संख्या में हैं। मुस्लिम और पिछड़ी आबादी यहां निर्णायक मानी जाती है। पिछड़ी जातियों के वोटर भाजपा के साथ रहे तो सीट भाजपा जीतती है। अगर ये वोटर सपा के साथ रहे तो सपा और बसपा के साथ रहे तो बसपा को जीत मिलती है।



## बलिया लोकसभा सीट

बलिया लोकसभा सीट पूर्व पीएम चंद्रशेखर की सीट रही है। 1996 से इस सीट को देखें तो 4 बार समाजवादी पार्टी 2 बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक सपा बसपा और भाजपा की तरफ से उम्मीदवारों के नाम की घोषणा नहीं की जा सकी है।

- **बलिया का जातीय समीकरण-** ब्राह्मण आबादी सबसे अधिक करीब 3 लाख हैं। यादव, राजपूत और दलित की आबादी बराबर है, जो लगभग 2.5-2.5 लाख है। इसी तरह से मुस्लिम और वैश्य की आबादी भी 1 लाख के पार है।
- **बलिया सामाजिक समीकरण-** इस सीट पर ब्राह्मण, राजपूत निर्णायक हैं। अभी सपा और बसपा ने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं भाजपा ने भी अभी प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है।

## भदोही लोकसभा सीट

भदोही लोकसभा सीट साल 2008 में अस्तित्व में आई। इस सीट से 2 बार भाजपा और 1 बार बसपा ने जीत दर्ज की। इस सीट पर सपा की ओर से ललितेश पति त्रिपाठी उम्मीदवार बनाए गए हैं। जबकि भाजपा और बसपा ने टिकट की घोषणा नहीं की है। ललितेश पति त्रिपाठी को सपा गठबंधन ने भदोही लोकसभा से उम्मीदवार बनाया है।

### भदोही का जातीय समीकरण

भदोही लोकसभा सीट पर सबसे अधिक आबादी पिछड़ी जातियों की है जो 3 लाख के करीब हैं। वहीं ब्राह्मण भी 3.5 लाख हैं। दलित 2 लाख 60 हजार, मुस्लिम 2 लाख 50 हजार, यादव 1 लाख 40 हजार, क्षत्रिय 1 लाख, मौर्या 95 हजार, पाल 85 हजार, पटेल 75 हजार, वैश्य 1 लाख 40 हजार और अन्य 1.5 लाख वोटर हैं।

### भदोही का सामाजिक समीकरण

यहां ब्राह्मण वोटर निर्णायक होता है। ब्राह्मण 2009 में बसपा के साथ रहे तो बसपा के गोरनाख पांडेय की जीत हुई। बाद में 2014 से बीजेपी के साथ है तो भाजपा यहां जीत रही है। आगामी चुनाव में सपा ने ललितेश त्रिपाठी पर दांव लगाया है।





# बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ाती हैं ये चीजें

**खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं।**

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल एक गंभीर समस्या बन गया है, जिससे अधितर लोग परेशान रहते हैं। कोलेस्ट्रॉल खून में पाया जाने वाला फैट है, जो हार्मोन के उत्पादन और झिल्ली के कामकाज के लिए आवश्यक है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है अच्छा और खराब। यह अच्छा कोलेस्ट्रॉल है, जो शरीर के लिए जरूरी है लेकिन खराब कोलेस्ट्रॉल शरीर को नुकसान ही करेगा। जब अच्छे कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो शरीर इसे खाने-पीने की अच्छी चीजों की मदद से बनाता है। लेकिन जब खराब कोलेस्ट्रॉल की बात आती है, तो खाने-पीने की कुछ गलत आदतें इसके लिए जिम्मेदार होती हैं। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से क्या होता है? आपको यह बात होनी चाहिए कि खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक बढ़ने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ता है। कोलेस्ट्रॉल से बचने के उपायों की बात करें, तो रोजाना खाई जाने वाली कुछ चीजें शरीर में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करती हैं जबकि कुछ चीजें बहुत तेजी से खून में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देती हैं। आज हम आपको कुछ कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने वाली पीले रंग की चीजों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आपको कम सेवन करना चाहिए या फिर नहीं करना चाहिए।

## डीप फ्राइड फूड

आजकल बहुत से लोग डीप फ्राई फूड खाना पसंद करते हैं। अक्सर देखा गया है कि लोग चिकन, समोसा, कचौरी, आलो टिक्की जैसी डीप फ्राई चीजों का खूब सेवन किया जाता है। जाहिर है इन चीजों में तेल का अधिक इस्तेमाल किया जाता है जिस वजह से कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने का जोखिम अधिक रहता है।

## घी और मक्खन

घी या मक्खन के बिना भारतीय खाना अधूरा है। मक्खन, देसी घी, पनीर, पाम ऑयल और नारियल के तेल जैसी चीजों में सैचुरेटेड फैट की मात्रा अधिक होती है और इनका सेवन कम किया जाना चाहिए। खाना पकाने के लिए जैतून का तेल, चावल की भूसी का तेल, मूंगफली का तेल, सूरजमुखी का तेल और अन्य वनस्पति तेल का उपयोग करें।

## जलेबी जैसी मिठाई

भारतीय मिठाइयों में चीनी का बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। जलेबी, छेना मिठाई, गुलाब जामुन और कई अन्य गहरी तली हुई मिठाइयों में तेल और चीनी का सबसे ज्यादा उपयोग होता है। जाहिर है यह दोनों चीजें कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने का काम करती हैं।

## अंडे की जर्दी

अंडे की जर्दी में किसी भी भोजन का सबसे अधिक कोलेस्ट्रॉल 1234 एमजी प्रति 100 ग्राम या दैनिक मूल्य का 411% होता है। एक अंडे की जर्दी 210 एमजी कोलेस्ट्रॉल प्रदान करेगी, जबकि पूरा अंडे केवल 212 एमजी प्रदान करता है। इस प्रकार अंडे में सबसे ज्यादा कोलेस्ट्रॉल जर्दी में पाया जाता है।

## फास्ट फूड

फास्ट फूड, कोलेस्ट्रॉल से भरे होते हैं। पिज्जा, बर्गर और फ्रेंच फ्राई जैसी चीजों में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक होती है। इन चीजों को बनाने के लिए तेल, मक्खन, और चीज जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता हिया जिसमें कोलेस्ट्रॉल अधिक पाया जाता है।




# नर्वस सिस्टम और शरीर में तरल पदार्थों को कंट्रोल करने में सहायक है पोटेशियम

**पोटेशियम की कमी शरीर को तोड़कर रख सकती है, यह तत्व नर्वस सिस्टम और शरीर में तरल पदार्थों को कंट्रोल करने में सहायक है, जानिए शरीर में पोटेशियम की कमी दूर करने के लिए क्या खाना चाहिए।**

अगर आपको हमेशा थकान, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द, कब्ज या बार-बार पेशाब आना जैसी समस्याएं रहती हैं, तो यह संकेत है कि आपके शरीर में पोटेशियम की भारी कमी हो गई है। प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन की तरह भी एक जरूरी पोषक तत्व है, जो शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार, पोटेशियम को इलेक्ट्रोलाइट के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें एक छोटा इलेक्ट्रिक चार्ज है, जो सेल्स और नर्व फंक्शन को एक्टिव करता है। पोटेशियम का काम शरीर में कोशिकाओं के अंदर मौजूद तरल पदार्थ के लेवल को बनाए रखना है। ध्यान रहे कि सोडियम कोशिकाओं के बाहर तरल पदार्थ का लेवल बनाए रखता है। पोटेशियम मांसपेशियों के संकुचन को कंट्रोल करने और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल बनाने का भी काम करता है।



### शरीर को रोजाना कितने पोटेशियम की जरूरत

14-18 वर्ष की लड़कियों को रोजाना 2,300 मिलीग्राम, महिलाओं को 2,600 मिलीग्राम और गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 2,500-2,900 मिलीग्राम पोटेशियम की जरूरत होती है। इसी तरह 14-18 वर्ष की आयु के युवाओं को 3,000 मिलीग्राम जबकि पुरुषों को 3,400 मिलीग्राम पोटेशियम चाहिए।

### पोटेशियम की कमी के लक्षण

- कमजोरी
- थकान महसूस करना
- मांसपेशियों में ऐंठन
- बेचैनी या उलझन
- कब्ज की शिकायत रहना
- दिल की धड़कन अनियमित होना
- झुनझुनी या सुन्नता
- बार-बार पेशाब आना

### पोटेशियम के फायदे

पोटेशियम रोजाना खाए जाने वाले कई खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। अगर आप पोटेशियम से भरपूर चीजों का सेवन करते हैं, तो संभव है कि आपको नीचे बताई स्वास्थ्य समस्याओं से बचने में मदद मिल सकती है-

- ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सहायक
- स्ट्रोक के खतरे को कम करता है पोटेशियम
- ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद कर सकता है
- पेशाब में कैल्शियम कम करके किडनी की पथरी से बचाने में सहायक
- शरीर में जमा अतिरिक्त तरल पदार्थों को हटाकर Water Retention से बचाने में सहायक

### पोटेशियम की कमी से नुकसान

दिमाग कमजोर होना और उसका कामकाज प्रभावित होना
हाई ब्लड शुगर की समस्या
मांसपेशियों का कमजोर होना और उनकी ताकत कम होना
सांस लेने में दिक्कत
अनियमित दिल की धड़कन

### पोटेशियम रिच फूड्स

- ड्राई फ्रूट्स (किशमिश, खुबानी)
- बीन्स, दाल
- आलू
- पालक
- ब्रोकोली
- केले
- खरबूजा
- संतरे का रस
- नारियल पानी
- टमाटर
- सोया और बादाम का दूध
- दही
- काजू, बादाम
- चिकन
- सैमन मछली

### पोटेशियम शरीर के लिए क्यों जरूरी है?



पोटेशियम इलेक्ट्रोलाइट की तरह कम करता है और इसका सबसे बड़ा काम शरीर की कोशिकाओं के अंदर तरल पदार्थों को कंट्रोल करना है। यह नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाए रखने में सहायक है। खून में पोटेशियम की कमी होने से शरीर की तंत्रिका आवेग उत्पन्न करने की क्षमता को प्रभावित हो सकती है। पोटेशियम का लेवल कम होने से नर्वस सिस्टम का संकेत भेजने का काम प्रभावित हो सकता है और इसकी कमी से मांसपेशियों का संकुचन कमजोर हो सकता है।



# हार्ट अटैक-कैंसर से बचाने वाला मसाला है सौंफ

सौंफ का इस्तेमाल मसाले के रूप में किया जाता है। काफी लोग इसे खाने के बाद माउथ फ्रेशनर की तरह भी खाते हैं। लेकिन क्या सौंफ का रोल सिर्फ इतना ही है? बिल्कुल नहीं। सौंफ का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। सौंफ के अंदर कई सारे गुण होते हैं, जो पाचन के बाद खून में घुलकर अलग-अलग काम करते हैं। विभिन्न रिसर्च के मुताबिक, इस मसाले से हार्ट अटैक और कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाव किया जा सकता है। आइए इसके पीछे की पूरी प्रक्रिया जानते हैं।

### दिल के लिए फायदेमंद है सौंफ

सौंफ के अंदर फाइबर होता है, जिसे कई रिसर्च में दिल के लिए लाभदायक पाया गया है। रिसर्च के अनुसार हाई फाइबर डाइट को दिल की बीमारी का खतरा कम करने वाला पाया गया है।

### कई तरह के कैंसर से बचाव

Anethole सौंफ का मुख्य कंपाउंड है, जिसमें कैंसर से लड़ने वाले गुण देखे गए हैं। एक टेस्ट ट्यूब स्टडी में इस कंपाउंड को ब्रेस्ट कैंसर की सेल्स के विकास को रोकने में मददगार पाया गया है। जिस वजह से इस मसाले को कैंसर के बचाव में महत्वपूर्ण माना गया है।

### वेट लॉस में आ सकती है काम

अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो खाने में सौंफ का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि, यह मसाला भूख को दबाने का काम करता है। जिससे आप कैलोरी इनटेक कंट्रोल कर पाते हैं। आप सौंफ की चाय का सेवन भी कर सकते हैं।

### मिलते हैं कई सारे न्यूट्रिएंट

सौंफ के अंदर सिर्फ फाइबर और प्लांट कंपाउंड ही मौजूद नहीं है। बल्कि यह अन्य जरूरी विटामिन और मिनरल्स की सप्लाई भी करती है। इसके सेवन से विटामिन सी, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, मैंगनीज आदि पा सकते हैं।

### ये फायदे भी कर लें याद

- बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव
- इंफ्लामेशन से बचाव
- मेंटल हेल्थ के लिए बढ़िया
- मेनोपॉजल सिंप्टम्स से राहत



**अधिकतर जिम जाने वाले लोग प्रोटीन पाउडर का सेवन करते हैं, जिससे मसल्स बढ़ाने में मदद मिल सके। लेकिन इसका सेवन पेट के लिए हानिकारक हो सकता है, जिसके बारे में डॉक्टर ने बताया है।**

# हानिकारक हो सकता है प्रोटीन पाउडर का सेवन



प्रोटीन मसल्स के लिए बहुत जरूरी होता है। यह मैक्रो न्यूट्रिएंट कई अमिनो एसिड से मिलकर बनता है, जो मांसपेशियों को विकसित करने में मदद करता है। इसलिए सभी एक्सपर्ट हर दिन डाइट में प्रोटीन फूड शामिल करने की सलाह देते हैं। बॉडी बिल्डिंग या जिम जाने वाले लोगों को प्रोटीन की अधिक जरूरत होती है। इसे पूरा करने के लिए वो प्रोटीन पाउडर का सहारा लेते हैं। यह सप्लीमेंट फिटनेस गोल को पाने में मदद करता है और जरूरी मात्रा प्रदान करता है। लेकिन क्या यह आपके पेट के लिए नुकसानदायक हो सकता है?

### गैस, पेट फूलना, क्रैम्प

इन पाउडर को बनाने में डेयरी या प्लांट बेस्ड प्रोटीन का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ लोगों का पाचन तंत्र इन्हें पचाने में काफी मुश्किलों का सामना करता है। जिसकी वजह से गैस, पेट फूलना और पेट में क्रैम्प की दिक्कत हो सकती है।

### गट बैक्टीरिया में असंतुलन

कई प्रोटीन पाउडर के अंदर आर्टिफिशियल स्वीटनर, फ्लेवर और कलर होते हैं, जो गट हेल्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। ये चीजें पेट में मौजूद हेल्दी गट बैक्टीरिया को असंतुलित कर सकती हैं और पाचन को खराब कर सकती हैं।

### बढ़ा सकती हैं ब्लड शुगर

प्रोटीन पाउडर को टेस्टी बनाने के लिए खूब सारी शुगर का इस्तेमाल किया जाता है। इसका सेवन इंसुलिन को तेजी से बढ़ाता है और वजन बढ़ाता है। इससे डायबिटीज का जोखिम बढ़ सकता है।

### हो सकते हैं जहरीले पदार्थ

डॉ.  ने क्लीन लेवल प्रोजेक्ट की हालिया रिसर्च का हवाला देते हुए बताया कि कुछ प्रोटीन पाउडर में लेड, आर्सेनिक और कीटनाशक जैसे टॉक्सिक प्रॉडक्ट हो सकते हैं, जो आपके पेट को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

# बेटे गौतम के घर पहुंचे सिंघानिया

## नौ साल बाद एक साथ दिखाई दिए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कभी पिता को घर से निकालने तो कभी प प्रतिशती नवाज मोदी की पिटाई को लेकर चर्चा में रहे रेमंड कंपनी के मालिक गौतम सिंघानिया एक तस्वीर को लेकर फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार उनकी आलोचना नहीं, बल्कि तारीफ हो रही है।





उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह पिता विजयपत सिंघानिया के साथ दिखाई दे रहे हैं। गौतम ने सोशल मीडिया में तस्वीर पोस्ट कर लिखा कि आज अपने पापा को घर पर पाकर और उनका आशीर्वाद लेकर खुश महसूस कर रहा हूं। 2017 में खबर आई थी कि गौतम ने पिता को जेके हाउस बिल्डिंग से बाहर निकाल दिया है। करीब 9 साल के बाद वह बेटे गौतम के घर पहुंचे।

**गौतम पिता विजयपत सिंघानिया के साथ-** 2015 में कंपनी की बागडोर विजयपत ने बेटे गौतम को सौंपी, लेकिन उसके बाद उनकी बेटे से तल्खी बढ़ गई। उन्होंने कहा था कि उन्होंने बेटे को सब कुछ देकर गलती की है। माता-पिता को अपने बच्चों को सब कुछ देने से पहले बहुत सावधानी से सोचना चाहिए।

# 69.2 करोड़ महिलाओं में से 37 प्रतिशत को मिला रोजगार

## हैदराबाद सहित ये शहर हैं सबसे आगे

नईदिल्ली, एजेंसी। देश में करीब 69.2 करोड़ महिलाओं की आबादी में से लगभग 37 फीसदी सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। करिअर नेट की रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद, पुणे और चेन्नई जैसे शहर महिला रोजगार के मामले में शीर्ष पर हैं। 2022 की तुलना में 2023 में जूनियर स्तर



पर और कंपनियों के बोर्ड में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में 2-5 फीसदी की वृद्धि हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में कॉलेजों से निकली प्रतिभाओं में से 40 फीसदी महिलाएं थीं। तीन और सात वर्ष के अनुभव वाली महिला उम्मीदवारों का कुल नियुक्तियों का 20-25 फीसदी है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर को छोड़कर देश के अधिकांश प्रमुख शहरों में महिलाओं की नियुक्ति अनुपात में मामूली वृद्धि हुई है।

**सबसे आगे हैदराबाद, दिल्ली-एनसीआर में गिरावट-** हैदराबाद 34 फीसदी नियुक्ति दर के साथ सबसे आगे है। पुणे में यह दर 33 फीसदी और चेन्नई में 29 फीसदी है। दिल्ली-एनसीआर में 20 फीसदी की गिरावट देखी गई है। यह रिपोर्ट 25,000 नौकरी प्लेसमेंट के विश्लेषण के साथ तैयार की गई है।

# गैर-बासमती चावल की कीमतों में गिरावट आई

● मार्च के महीने में 10 फीसदी तक कम हुए भाव ● जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने उठाए कदम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए केंद्र सरकार भारत आटा और भारत दाल के बाद अब 'भारत चावल' भी बेच रही है। लेकिन इस कदम से चावल कारोबारियों के पसीने छूट रहे हैं। मार्च में गैर-बासमती चावल की कीमतों में लगभग 10 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। इसके अलावा जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए कारोबारियों से हर हफ्ते चावल का स्टॉक घोषित करने के लिए भी कहा गया है। व्यापारियों का कहना है कि इससे उनके कारोबार पर असर पड़ा है। लोकसभा चुनाव के रिजल्ट घोषित होने से पहले उन्हें प्रतिबंधों में ढील दिए जाने की कोई उम्मीद नहीं है। चावल एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी राइस विला के एमडी सूरज अग्रवाल का कहना है कि सरकार द्वारा भारत चावल की बिक्री के साथ चावल और धान के स्टॉक घोषित करने की पॉलिसी की वजह से गैर-बासमती चावल की कीमत में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि सरकार के इन उपायों की घोषणा के बाद मार्केट सेंटिमेंट को धक्का लगा है।

त्रिशूर स्थित मलघा ट्रेडर्स के एमडी जीतू सीडी का कहना है कि साल के इस समय कीमतें आम तौर पर बढ़





जाती हैं। लेकिन इस साल हम कीमतों में गिरावट देख रहे हैं। मार्च में गैर-बासमती चावल की कीमतों में भले ही गिरावट आ गई हो, लेकिन अभी रिटेल बाजार में चावल की कीमतों पर असर नहीं पड़ा है। जानकारों के मुताबिक, रिटेल बाजार में चावल अभी उसी रेट में ही बिक रहा है। रिटेल बाजार में चावल के भाव अभी कम नहीं हुए हैं।

### सरकार रियायती दरों पर बेचेगी

केंद्र सरकार का पूरा फोकस सस्ती कीमत पर आम उपभोक्ताओं के पास चावल पहुंचाना है। इसलिए भारत चावल 5 किलोग्राम और 10 किलोग्राम के पैक में बेचा जा रहा है। इसकी कीमत 29 रुपये प्रति किलोग्राम रखी गई है। वहीं, पिछले रविवार को केंद्र सरकार ने घोषणा की कि सरकार आम चुनाव से पहले देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर मोबाइल वैन के माध्यम से रियायती दरों पर भारत आटा और भारत चावल बेचेगी। उधर, केंद्र के इस किफायती कदम का मुकाबला करने के लिए, केरल सरकार ने सबरी के चावल लॉन्च किया है। इसे राज्य द्वारा संचालित आउटलेट्स के माध्यम से 29 रुपये और 30 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचा जाएगा।

### क्या निर्यात हुआ है प्रभावित

अग्रवाल का कहना है कि सुगंधित गोबिंदभोग चावल की कीमत जो 65 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही थी। वह होलसेल पर गिरकर 55 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। अग्रवाल ने कहा पिछले साल लागू सरकारी प्रतिबंधों के कारण गैर-बासमती चावल का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सप्लाई साइड मजबूत है, लेकिन एक्सपोर्ट मार्केट में डिमांड कम है।

देश की 5 महिलाएं चला रहीं बड़े स्टार्टअप

# बुलंदियों पर पहुंचाया कारोबार, करोड़ों में है टर्नओवर



नईदिल्ली, एजेंसी। महिलाओं के नेतृत्व वाले ये स्टार्टअप तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ये स्टार्टअप अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। वहीं इससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिला है। स्टार्टअप में अब महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ रही है। आज हम आपको ऐसे ही बड़े स्टार्टअप के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें महिलाएं चला रही हैं।

### वंदना लूथरा

वंदना लूथरा देश की सबसे बड़े और प्रतिष्ठित भारतीय उद्यमियों में से एक है। वह वीएलसीसी हेल्थ केयर लिमिटेड की संस्थापक और ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्किल एंड काउंसिल की चेयरपर्सन भी हैं। उन्हें पहली बार 2014 में इस क्षेत्र की अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। यह भारत सरकार का एक उपक्रम है जो सौंदर्य उद्योग के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। वीएलसीसी देश के सर्वश्रेष्ठ सौंदर्य और कल्याण सेवा उद्योगों में से एक है। यह आज दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, जीसीसी क्षेत्र और पूर्वी अफ्रीका में 13 देशों के 153 शहरों में 326 स्थानों पर इसका संचालन और संचालन हो रहा है। वीएलसीसी शुरू करने के बाद से उनका दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत उनकी ताकत रही है।

### इंद्रा नूई

भारतीय मूल की अमेरिकी इंद्रा नूई कोई अनजान शख्सियत नहीं हैं। जब भी पावरफुल और कामयाब महिलाओं की बात चलती है तो इंद्रा नूई का नाम भी सामने आता है। वह पेप्सिको की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रह चुकी हैं। चेन्नई में जन्मी और पली-बढ़ीं, इंद्रा नूई ने वर्ष 1974 में मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज से साइंस में ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की। बाद में उन्होंने येल विश्वविद्यालय से पब्लिक मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त की और फिर, आईआईएम, कोलकाता से फाइनेंस एंड मार्केटिंग में मास्टर डिग्री ली। इंद्रा नूई ने पेप्सी को जॉइन करने से पहले मोटोरोला और एशिया ब्राउन बॉवेरी जॉनसन एंड जॉनसन जैसे कई कंपनियों में सीनियर पदों पर काम किया है।

### फाल्गुनी नायर

लोग जिस उम्र में रिटायरमेंट की प्लानिंग शुरू करते हैं फाल्गुनी नायर ने बिजनेस की दुनिया में कदम रखा था। करीब दो दशक तक बैंकिंग सेक्टर में काम करने के बाद फाल्गुनी ने 50 साल की उम्र में ब्यूटी-वेलनेस प्रोडक्ट बेचने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नायका की शुरुआत की। आज वह देश की सबसे अमीर महिला सीईओ हैं। उन्हें भारतीय स्टार्टअप की क्वीन कहा जाता है। उन्हें विरासत में मिली किसी कंपनी या माता पिता के पैसों के बलबूते अपना ये मुकाम नहीं बनाया बल्कि उन्होंने अपनी कामयाबी की कहानी खुद लिखी है।

### गजल अलघ

गजल अलघ को जब अपने बेटे के लिए टॉक्सिन फ्री प्रोडक्ट नहीं मिले, तो उन्हें टॉक्सिन फ्री बेबी प्रोडक्ट्स बनाने का आइडिया आया। इसके बाद उन्होंने अपने पति वरुण के साथ मिलकर साल 2016 में होनासा कंज्यूमर प्राइवेट लिमिटेड नाम से स्टार्टअप शुरू कर दिया। बेबीकेयर प्रोडक्ट्स से शुरू हुए मामाअर्थ के पास अब काफी बड़ी प्रोडक्ट रेंज है। मामाअर्थ में अब बेबीकेयर, स्किन केयर और ब्यूटी सेगमेंट में कई सारे प्रोडक्ट हैं। होनासा कंज्यूमर साल 2022 में यूनिकॉर्न बन गई थी।

### राजोशी घोष

राजोशी घोष बेंगलुरु और यूएस बेस्ड ओपन सोर्स इंजन हसूरा कंपनी की सीईओ और सह-संस्थापक हैं। हसूरा भारत में ऐप डेवलपमेंट को बदलने में सबसे आगे है। राजोशी घोष ने साल 2017 में हसुरा की स्थापना की थी। राजोशी घोष ने तकनीकी उद्योग में क्रांति लाकर डेवलपिंग क्षेत्र को सशक्त बनाया है। राजोशी घोष ने कोरोना दौर की परेशानी के बीच 2023 में कंपनी का मार्केट कैप लगभग 8 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया था। घोष ने अपनी मेहनत से स्टार्टअप को यूनिकॉर्न में बदल दिया।

# लोकसभा चुनाव के बाद बाजार में आ सकता है 100 अरब डॉलर का विदेशी निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में आम चुनावों के बाद शेयर बाजार में 100 अरब डॉलर का निवेश विदेशी निवेश आ सकता है। जेपी मॉर्गन ने कहा कि अर्थव्यवस्था की आशाजनक विकास संभावनाओं और अमेरिका के फेडरल रिजर्व की दर में कटौती की संभावना के चलते भारतीय बाजार आकर्षक बना हुआ है।

जेपी मॉर्गन के एक अधिकारी ने एक इंटरव्यू में बुधवार को कहा, भारत के 4.3 लाख करोड़ डॉलर वाले शेयर बाजार में वैश्विक फंड की स्थिति हल्की बनी हुई है। निवेशक बाजार के किसी भी सुधार को होल्डिंग बढ़ाने के अवसर के रूप में उपयोग करेंगे। विदेशी निवेशक पिछले दो ढाई साल से अपने निवेश को बहुत ज्यादा नहीं बढ़ाए हैं। वे एक स्पष्ट और मजबूत अवसर के इंतजार में हैं। विदेशी निवेशक विकास आधारित नीतियों या सुधारों के आधार पर बाजार में निवेश बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में इस पर ज्यादा जोर दिया जा सकता है। इसलिए चुनावों के बाद नई सरकार के आने पर विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में अच्छा खासा निवेश कर सकते हैं।



### गोल्डमैन का भी निवेश का अनुमान

जेपी मॉर्गन से पहले गोल्डमैन सैश ने भी कहा है कि नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से इस दशक में भारत तेज विकास करेगा। मोदी सरकार ने बाजार-अनुकूल नीतियों को जारी रखने, बुनियादी ढांचे पर खर्च करने और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देने का वादा किया है।

### भारत सबसे आगे रहेगा

कई निवेशकों का तर्क है कि अर्थव्यवस्था की बेहतर विकास संभावनाओं और राजनीतिक स्थिरता को देखते हुए भारत दूसरे उभरते बाजारों की तुलना में आगे रह सकता है। गोल्डमैन के एशिया के इक्विटी रणनीतिकार सुनील कौल ने कहा, वैश्विक फंड भारत में निवेश बढ़ाने के इच्छुक हैं। बेहतर अवसर की तलाश में हैं। हमें उम्मीद है कि साल के उत्तरार्ध में विदेशी प्रवाह बढ़ेगा, क्योंकि चुनाव हो चुका होगा। साथ ही, केंद्रीय बैंक दरों को घटाएंगे। डॉलर भी रुपया की तुलना में कमजोर होगा।

**763 अरब डॉलर है विदेशी निवेशकों का हिस्सा-** जेपी मॉर्गन के अधिकारी ने कहा, भारतीय बाजार के लिए अपने उच्च मूल्यांकन को बनाए रखने के लिए नीतिगत निरंतरता जरूरी है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी के अंत तक विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयरों में हिस्सेदारी 763 अरब डॉलर थी।

# जून में आरबीआई की बैठक में रेपो रेट में हो सकती है कटौती, जमा पर कम हो जाएगा रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऊंची ब्याज दरों का फायदा अब वरिष्ठ नागरिकों को भी मिल रहा है। करीब आठ ऐसे स्मॉल फाइनेंस बैंक ऐसे हैं जो सावधि जमा (फिक्स्ड डिपॉजिट) पर 9.5 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं। ऐसे में इन नागरिकों के लिए




ऊंची ब्याज दर पर लंबे समय के लिए पैसा फिक्स करने का यह बेहतर अवसर है। विश्लेषकों के मुताबिक, आगे चलकर जून से दरों में कटौती होने की उम्मीद है। ऐसे में जमा पर ब्याज दरें भी घटने लगेंगी। इस समय चूंकि रेपो रेट अपने कई साल के उच्च स्तर पर है, साथ ही उधारी की मांग भी बहुत ज्यादा है, इसलिए बैंक ज्यादा ब्याज दे रहे हैं।

### बड़े बैंकों की दर 7.85 फीसदी तक

वैसे बड़े बैंक भी इस समय आम जमाकर्ताओं को 7.85 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं। हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों के लिए इससे ज्यादा दर है। एक्सिस बैंक जहां एक साल की अवधि पर 7.85 फीसदी ब्याज दे रहा है, वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा 7.25 फीसदी तक ब्याज दे रहा है। यह दरें अलग-अलग अवधि पर हैं। छोटे बैंकों में ईएएसएफ और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भी वरिष्ठ नागरिकों को 8.75 फीसदी तक ब्याज दे रहे हैं।

## शराब के विज्ञापनों पर रोक लगाने की तैयारी, 15 दिन में देनी होगी उत्पादों की सूची

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कंपनियों से पिछले तीन वर्षों में शराब के साथ बेचे जाने वाले अन्य पेय उत्पादों की सूची 15 दिन के अंदर देने को कहा है। इसी के साथ कंपनियों से बोतल बंद पानी, ताश के पत्ते, म्यूजिक सीडी की बिक्री का राजस्व का आंकड़ा भी मांगा है। सीसीपीए ने आदेश में ब्रांड एक्सटेंशन के प्रमोशन पर हुए खर्च का विवरण भी मांगा है। इसमें इवेंट स्पॉन्सरशिप, पुरस्कार समारोह, सेलिब्रिटी और सोशल मीडिया प्रभावितों को किए गए भुगतान व टीवी विज्ञापन शामिल हैं। शराब के समान ब्रांड नाम या लोगो का उपयोग करके अन्य उत्पादों के प्रचार की अनुमति है, बशर्ते ऐसे विज्ञापन नियमों का पालन करते हों

# देश में तेजी से बढ़ रहा गेमिंग बाजार

अमेरिका की गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में पहली बार भारत का पेवेलियन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। खास बात ये है कि पहली बार इसमें भारत का भी पेवेलियन है। यह भारत और अमेरिका के बढ़ते संबंधों को दिखाता है। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के सहयोग से गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का उद्घाटन किया गया है। फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने बताया कि भारत पेवेलियन का उद्घाटन भारत-अमेरिका के संबंधों में मील का पत्थर है।

**देश में तेजी से बढ़ रही गेमिंग इंडस्ट्री-** गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में भारत के पेवेलियन का बुधवार को उद्घाटन किया गया। साथ ही इस दौरान इंडिया गेमिंग मार्केट रिपोर्ट भी जारी की गई। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का गेमिंग मार्केट साल 2023 में 3.1 अरब डॉलर था, जिसके साल 2028 तक 6 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। कार्यक्रम में सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत के श्रीकर रेड्डी भी समेत कई अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। रेड्डी ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था में काफी संभावनाएं हैं।

**देश में 56 करोड़ ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोग-** इंडिया गेमिंग मार्केट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अभी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में एक लाख लोग काम करते हैं और आने वाले दशक में इस सेक्टर में ढाई लाख नौकरियां पैदा होने का अनुमान है। भारत में साल 2023 में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 88 करोड़ थी, जिसके साल 2028 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचने का अनुमान है। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2023 में ऑनलाइन गेम खेलने वाले लोगों की संख्या करीब 56 करोड़ थी, जो 2028 तक बढ़कर 89 करोड़ हो जाएगी। भारत में साल 2015 में सिर्फ 25 गेमिंग कंपनियां थीं, जो साल 2023 में बढ़कर 1400 हो गई हैं। भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा मोबाइल गेम एप डाउनलोड किए जाते हैं।



# लखनऊ में अपनी आईपीएल टीम से जुड़े केएल राहुल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सभी टीमें मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस बीच चोट के बाद कमबैक कर रहे केएल राहुल टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ जुड़ने के लिए लखनऊ पहुंच चुके हैं। कप्तान ने नए मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के तहत सीजन के लिए अपना उत्साह शेयर किया। राहुल पिछले साल चोट के कारण आईपील से लगभग बाहर रहे। बुधवार को फ्लाइट लेट होने के कारण अभ्यास मैच के बाद टीम से जुड़े। उन्होंने सोशल मीडिया पर लखनऊ से लैंगर के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें कप्तान ने लिखा, नए युग की शुभ सुबह! लैंगर पहले ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। उन्हें इस सीजन में लखनऊ टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उन्होंने टीम में एंडी फ्लावर की जगह ली, जिनका फ्रेंचाइजी के साथ दो साल का अनुबंध आईपीएल 2023 सीजन के बाद समाप्त हो गया था। 2022 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद, फ्लावर के मार्गदर्शन में दो बार अंक तालिका में लखनऊ तीसरे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन वे 2022 और 2023 में एलिमिनेटर से आगे बढ़ने में विफल रहे। राहुल को अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में समस्या का सामना करना पड़ा था और वह जनवरी में हैदराबाद टेस्ट के बाद पूरी भारत-इंग्लैंड श्रृंखला से चूक गए थे। वह हाल ही में एक मेडिकल टीम से सलाह लेने के बाद लंदन से लौटे और एनसीए में रिहैब से गुजरे। पिछले साल, 1 मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आईपीएल 2023 मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए फील्डिंग करते समय राहुल की दाहिनी जांघ में चोट लगने के बाद सर्जरी हुई थी।

# स्टार फुटबालर रोबिन्हो बलात्कार का दोषी करार, 9 साल जेल की सजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी स्टार रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए 9 साल की जेल की सजा काटनी होगी। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर रोबिन्हो को इटली में गैंगरैप के आरोप में 9 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह घटना जनवरी 2013 की है। इससे पहले 2017 में, रोबिन्हो को 2013 में 22 वर्षीय अल्बानियाई महिला के गैंग रेप में शामिल होने के लिए इटली में 9 साल जेल की सजा सुनाई गई थी, जब वह एसी मिलान के लिए खेलते थे। लेकिन उस समय वह पहले ही अपनी ब्राज़ील चले गए, जो अपने नागरिकों का प्रत्यर्पण नहीं करता है। इसके बाद इटली ने ब्राज़ील से इस फुटबॉलर के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की थी। रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील की एक अदालत ने इटली के अनुरोध के बाद अब फैसला सुनाया है कि उसे ब्राजील में जेल की सजा काटनी होगी। ब्राजील के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीशों ने रोबिन्हो की सजा को मान्य करने के लिए 9-2 से वोट किया। सुपीरियर ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस (एसटीजे) मामले में डाले गए 10 वोटों में से आठ रोबिन्हो की गिरफ्तारी और घरेलू सरजमीं पर सजा काटने के पक्ष में थे। रोबिन्हो के वकील, जोस एडुआर्डो एल्कमिन ने अदालत में कहा कि उनका मुवक्किल राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर ब्राजील में पुनर्विचार चाहता है, इसका मतलब है कि वो सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। पूर्व ब्राज़ीलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, जिनके पास 100 राष्ट्रीय कैप हैं, ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान दो ला लीगा चैंपियनशिप जीती। बाद में सितंबर 2008 में ट्रांसफर की समय सीमा के दिन 32.5 मिलियन यूरो के तत्कालीन ब्रिटिश रिकॉर्ड शुल्क पर उनका ट्रांसफर मैनचेस्टर सिटी में हुआ।

## जियो सिनेमा 12 भाषाओं में उपलब्ध कराएगा मैच का आंखों देखा हाल

**मुंबई, एजेंसी।** जियो सिनेमा ने 2024 टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपने विशेषज्ञों के पैनल में सुपरस्टारों को शामिल किया है। आईपीएल इस वर्ष अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, गुजराती, भोजपुरी, पंजाबी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ समेत कुल 12 भाषाओं में उपलब्ध होगा। विश्व क्रिकेट के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक वीरेंद्र सहवाग जियो सिनेमा पर अब नई पारी शुरू करने जा रहे हैं, जिसमें वह अपनी स्थानीय बोली हरियाणवी में कॉमेंट्री करेंगे। 2012 आईपीएल फाइनल के मैन ऑफ द मैच मनविंदर बिस्ला भी हरियाणवी फीड में सहवाग के साथ शामिल होंगे।

## लखनऊ सुपर जाएंट्स को लगा बड़ा झटका, अब इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने दिया धोखा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के शुरू होने से पहले इंग्लैंड के खिलाड़ियों का एक-एक कर अपने कदम वापस खींचने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में अब एक और नाम तेज गेंदबाज डेविड विली का जुड़ गया है। विली निजी कारणों के चलते आईपीएल 2024 की शुरुआत में अपनी टीम रुस्त्र के साथ नहीं जुड़ पाएंगे। इसकी पुष्टि कोच जस्टिन लैंगर ने कर दी है, मगर वह कब टीम के साथ जुड़ेंगे इसकी कोई



जानकारी नहीं है। विली से पहले 4 इंग्लिश खिलाड़ी पहले ही आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं, जिसमें हैरी ब्रूक (दिल्ली कैपिटल्स), जेसन रॉय और गस एटकिंसन (कोलकाता नाइट राइडर्स), और मार्क वुड (लखनऊ सुपर जाइंट्स) का नाम शामिल हैं। डेविड विली आईपीएल में इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए दो साल खेल चुके हैं। इस सीजन लखनऊ सुपर जाएंट्स ने उन्हें 2 करोड़ रुपए के बेस प्राइज में अपनी टीम में शामिल किया था।

# धोनी ने सीएसके की कमान छोड़ी

## ऋतुराज गायकवाड बने चैन्नई के कप्तान, ; आरसीबी से पहला मैच खेलेगी टीम



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2024) की शुरुआत से एक दिन पहले कप्तान बदलने की घोषणा की है। टीम को 5 बार चैंपियन बना चुके महेंद्र सिंह धोनी ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। उनकी जगह 27 साल के युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड टीम की कमान संभालेंगे। वे फ्रेंचाइजी के चौथे कप्तान बने हैं। इससे पहले, एमएस धोनी, सुरेश रैना और रवींद्र जडेजा टीम की कमान संभाल चुके हैं।

### सीएसके ने बयान जारी कर कहा-

'एमएस धोनी ने आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड को सौंप दी है। गायकवाड 2019 से चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं और उन्होंने इस दौरान IPL में 52 मैच खेले हैं। टीम आगामी सीजन का इंतजार कर रही है।' इस सीजन का ओपनिंग मैच चेन्नई और बेंगलुरु के बीच एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुक्रवार को खेला जाएगा।

### 2022 में भी धोनी ने छोड़ी थी कप्तानी

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इससे पहले 2022 के सीजन में भी कप्तानी छोड़ी थी, तब रवींद्र जडेजा को कैप्टन बनाया गया था, लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के कारण जडेजा ने बीच सीजन में ही कप्तानी छोड़ दी और फिर से धोनी को कमान संभालनी पड़ी।



## गायकवाड को क्यों बनाया गया कप्तान?

गायकवाड को क्रिकेटिंग सर्किल में काफी पहले से लीडरशिप ऑप्शन के तौर पर देखा जा रहा था। जब उन्होंने चेन्नई के लिए पहला सीजन खेला था तब से ही कुछ एक्सपर्ट उन्हें भविष्य का कप्तान बता रहे थे। वे धोनी की पसंद भी बताए जा रहे हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी में वे काफी कंसिसटेंट रहते हैं। 2022 सीजन को छोड़कर हर साल उन्होंने ष्टस्य के लिए 40 से ऊपर की औसत से रन बनाए हैं। वे घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र की कप्तानी भी करते रहे हैं।

### भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं गायकवाड, एशियाड का गोल्ड दिलाया

युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम को लीड कर चुके हैं। वे 2022 में चीन में खेले गए एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष टीम के कप्तान बनाए गए थे। उन गेम्स में गायकवाड ने भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था। भारत-अफगानिस्तान के बीच एशियाड का फाइनल मुकाबला बारिश के कारण नो रिजल्ट रहा। लिहाजा टीम इंडिया को टॉप रैंकिंग के कारण चैंपियन घोषित किया गया था।

भारत-अफगानिस्तान के बीच एशियाड का फाइनल मुकाबला बारिश के कारण नो रिजल्ट रहा। लिहाजा टीम इंडिया को टॉप रैंकिंग के कारण चैंपियन घोषित किया गया था।

# आईपीएल का अगाज आज से



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग का मंच तैयार है। टीमों की भी तैयारी लगभग पूरी हो गई है। इस बीच पहला मुकाबला आज यानी 22 मार्च को एमएस धोनी की कप्तानी वाली सीएसके और फॉफ डुप्लेसी की कप्तानी वाली आरसीबी के बीच खेला जाएगा। मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबर स्टेडियम में होना है। अब सवाल ये है कि पहले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु किस प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान में उतर सकती हैं। चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

### सीएसके अब तक 5 बार जीत चुकी है आईपीएल का खिताब

एमएस धोनी की कप्तानी वाली सीएसके की टीम अब तक 5 बार आईपीएल का खिताब अपने नाम कर चुकी है। साल 2023 में भी इस टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया था, इसलिए मौजूदा चैंपियन भी यही टीम है। हालांकि इससे पहले साल 2022 में टीम नौवें नंबर पर रही थी। लेकिन पिछले साल टीम ने शानदार और जबरदस्त वापसी की। टीम में इस बार डेरिल मिचेल, रचिन रवींद्र, शार्दुल ठाकुर, समीर रिजवी और मुस्तफिजुर रहमान जैसे नए खिलाड़ी आए हैं।

### आरसीबी के लिए साल 2023 का आईपीएल गया था ठीक

बात अगर आरसीबी की करें तो पिछले साल टीम छठे स्थान पर रही थी, यानी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। वहीं साल 2022 में टीम का प्रदर्शन लाजवाब था और टीम तीसरे नंबर पर फिनिश करने में कामयाब रही थी। ये बात और है कि टीम का खिताब का सपना अभी अधूरा है। इस बार टीम में कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, लॉकी फर्ग्यूसन, टॉम करन, यश दयाल, मयंक डागर और स्वप्निल सिंह जैसे नए खिलाड़ी दिखाई देंगे। पिछले साल जो खिलाड़ी खेल रहे थे,

## अखिल श्योराण और आशी चौकसी ने भारत का नाम किया रोशन

### डॉर्टमुंड शूटिंग में जीते स्वर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रजत जीता। आशी चौकसी ने महिलाओं की इस स्पर्धा का स्वर्ण जीता। आशी ने क्वालिफाइंग में 594 और फाइनल में 464 का स्कोर किया। बागपत के निशानेबाज अखिल श्योराण ने अपने स्वर्णिम प्रदर्शन को जारी रखते हुए आईएसएसएफ डॉर्टमुंड शूटिंग में 50 मीटर थ्री



पोजीशन का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पोलिश ग्रांप्रि में भी स्वर्ण जीता था। अखिल ने 466.1 का स्कोर कर फाइनल के विश्व कीर्तिमान की बराबरी की। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रजत जीता। आशी चौकसी ने महिलाओं की इस स्पर्धा का स्वर्ण जीता। आशी ने क्वालिफाइंग में 594 और फाइनल में 464 का स्कोर किया। अखिल ने क्वालिफाइंग में 593 का स्कोर किया। वह यहां पांचवें स्थान पर थे, जबकि ऐश्वर्य ने विश्व रिकॉर्ड से एक अंक कम 596 का स्कोर किया।

# टी-20 वर्ल्ड कप से पहले रिटायरमेंट से वापसी के लिए तैयार ये खिलाड़ी

### पाकिस्तान क्रिकेट में बड़ा उलटफेर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए साल 2024 अच्छा नहीं रहा है। टीम वनडे वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद से काफी ज्यादा बदलाव देख चुकी है, वहीं टीम को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे पर करारी हार का सामना भी करना पड़ा। इन दोनों दौरे के बाद पाकिस्तान में पीएसएल यानी कि पाकिस्तान सुपर लीग का आयोजन किया गया। जिसके बाद पाकिस्तान के कई युवा टैलेंट उभरकर सामने आए। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम से संन्यास ले चुके एक खिलाड़ी ने बड़ा ऐलान किया है और कहा है कि वह अपने रिटायरमेंट से वापस आना चाहता है। संन्यास की घोषणा करना और कुछ महीनों या सालों के बाद उससे वापस आना अब इंटरनेशनल क्रिकेट में आम बात हो गई है। खास करके पाकिस्तान में ऐसा काफी देखने को मिलता रहा है।

### यह खिलाड़ी वापस ले सकता है रिटायरमेंट

शाहिद अफरीदी ने कई बार ऐसा किया, बेन स्टोक्स ने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के लिए खेलने के लिए ऐसा किया था जबकि वानिंदु हसरंगा हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से वापसी की है और उन पर दो मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब इस लिस्ट में पाकिस्तान के इमाद वसीम का नाम भी शामिल हो सकता है क्योंकि अगर पाकिस्तान को टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले उनकी जरूरत पड़ी तो वह वापस आने के लिए तैयार हैं। इमाद ने हाल ही में खेले गए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में शादाब खान की कप्तानी में इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए ट्रॉफी जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने नौ पारियों में निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए 128.57 की स्ट्राइक-रेट से 126 रन बनाए और कई मैचों में केवल 6.6 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट भी लिए। इसके अलावा, वह मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ फाइनल में 5/23 के जादुई आंकड़ों के साथ लौटे और आखिरी गेंद पर रोमांचक मैच में अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए नाबाद 19 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली।

### आईपीएल अब भी इंटरनेशनल टी-20 से पीछे

# एक ओवर में नहीं लगे 6 सिक्स, 300+ स्कोर भी अब तक नहीं बना

मुंबई। 2 दिन बाद इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन शुरू हो रहा है। 2008 से अब तक लीग के 16 सीजन हुए हैं। इनमें एक हजार से भी ज्यादा मैच खेले जा चुके हैं। हर साल नए रिकॉर्ड बनते हैं, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट के कुछ रिकॉर्ड ऐसे ऐसे भी हैं जो अब तक इस लीग में नहीं बने हैं। आईपीएल में अब तक कोई टीम एक पारी में 300+ का स्कोर नहीं बना सकी है। इतना ही नहीं, एक ओवर में 6 सिक्स भी नहीं लगे। ऐसे ही टॉप-5 रिकॉर्ड के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### सबसे बड़ा स्कोर

**नेपाल ने 300+ रन बनाए-** आईपीएल में सबसे बड़ा स्कोर 2013 में बेंगलुरु ने पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। तब बेंगलुरु ने 5 विकेट पर 263 रन बनाए थे। इंटरनेशनल में इससे बड़ा स्कोर अब तक तीन बार बन चुका है। साल 2023 में ही नेपाल ने मंगोलिया के खिलाफ 300+ का स्कोर टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार बनाया। हालांकि, यह रिकॉर्ड आईपीएल 2023 के बाद बना है। आईपीएल 2023 के पहले हाईएस्ट स्कोर 2019 में अफगानिस्तान ने आयरलैंड के खिलाफ (278/3) बनाया था। इस मैच में हजरतुल्लाह जाजई ने 16 छक्कों की मदद से 162* रन बनाए थे। यह भी अब तक नहीं टूटा है।

### डबल हैट्रिक

**आईपीएल में कभी नहीं, इंटरनेशनल टी-20 में चार बार-** आईपीएल में अब तक कोई खिलाड़ी डबल हेट्रिक नहीं ले सका है। लगातार चार गेंदों में चार विकेट लेने को डबल हैट्रिक कहा जाता है। इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में ऐसा 4 बार हो चुका है। श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और अफगानिस्तान के राशिद खान साल 2019, आयरलैंड के कर्टिस कैंपर साल 2021 और वेस्ट इंडीज के जेसन होल्डर साल 2022 में यह कारनामा कर चुके हैं। आईपीएल में अभी तक यह रिकॉर्ड कोई नहीं बन पाया।

### फास्टेस्ट हाफ सेंचुरी

**यशस्वी 2023 में एक बॉल से पीछे रहे थे-** टी-20 वर्ल्ड कप 2007 में युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के जड़े। उन्होंने 12 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। यह रिकॉर्ड इंटरनेशनल या आईपीएल में नहीं टूटा है। हालांकि, पिछले सीजन राजस्थान रॉयल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल यह रिकॉर्ड तोड़ने से 2 बॉल और रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक बॉल दूर रह गए थे। 11 मई, 2023 को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जायसवाल ने सिर्फ 13 गेंदों पर 50 रन बनाए थे।

### सबसे बड़ी पार्टनरशिप

**आईपीएल की जोड़ी 29 रन दूर-** आईपीएल में सबसे बड़ी साझेदारी RCB के विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के बीच साल 2016 में गुजरात लायंस के खिलाफ हुई थी। दोनों ने साथ 229 रन जोड़े थे। हालांकि, इंटरनेशनल क्रिकेट में दो बार 229 रन से ज्यादा की साझेदारी हो चुकी है। साल 2019 में अफगानिस्तान के उस्मान गनी और हजरतुल्लाह जजई के बीच आयरलैंड के खिलाफ 236 रन की साझेदारी हुई।

# रिलीज से पहले ही कानूनी पचड़े में फंसी मैदान

## बिल का भुगतान न करने पर बोनी कपूर के खिलाफ मामला दर्ज

अजय देवगन की फिल्म मैदान लंबे वक्त से खबरों में छाई हुई है। अमित शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं ट्रेलर सामने आने के बाद इसे लेकर दर्शकों की उत्सुकता भी बढ़ गई है। हालांकि, अब यह फिल्म निर्माता बोनी कपूर पर भारी पड़ी है। फिल्म रिलीज होने से पहले ही विवादों से घिर गई है। दरअसल, बिल का भुगतान न करने पर मैदान के निर्माता बोनी कपूर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



फिल्म निर्माता बोनी कपूर खुद कानूनी पचड़े में फंस गए हैं क्योंकि एक विक्रेता ने उन पर आगामी फिल्म मैदान के निर्माण के दौरान उपकरणों की आपूर्ति के लिए 1 करोड़ रुपये के बिल का भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया है। फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहेराफ्रिन इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के निनाद नयामपल्ली ने बोनी कपूर और मैदान के सह-निर्माताओं के खिलाफ मामला दायर किया है। विक्रेता ने दावा किया कि फिल्म निर्माता से कई बार संपर्क करने के बावजूद, वह भुगतान में देरी कर रहे हैं और दिसंबर 2020 से कोई बकाया भुगतान नहीं किया गया है।

निनाद नयामपल्ली ने कहा, आश्वस्त होने के बाद भी हमें अंधेरे में छोड़ दिया गया। कोई रास्ता नहीं बचा होने पर हमने कानूनी सहारा लिया और इस इरादे से कानूनी नोटिस जारी किया कि हमें अपने बकाए पर कुछ स्पष्टीकरण मिलेगा। हमें आश्चर्य हुआ, हमारे कानूनी नोटिस का कोई जवाब नहीं मिला।

बोनी कपूर ने दी यह सफाई

वही, दूसरी ओर बोनी कपूर ने दावा किया कि उन्हें केवल मेहेराफ्रिन इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को 63 लाख रुपये का भुगतान करना है। उन्होंने कहा, निनाद को बताया गया है कि उन्हें फिल्म रिलीज से पहले भुगतान कर दिया जाएगा। हर कोई जानता है कि फिल्म कोरोना के कारण रुकी हुई थी।

पंकज त्रिपाठी ने कहा

# ब्रेक लेने का अपना सपना भूल गया हूं

हाल ही में मर्डर मुबारक में दिखाई देने वाले एक्टर पंकज त्रिपाठी ने कहा कि बेहतर प्रोजेक्ट्स में काम करने की उनकी जो इच्छा थी वह तो पूरी हो गई है, लेकिन वह छुट्टियों का आनंद नहीं ले पा रहे हैं। मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में से एक पंकज ने गैंग्स ऑफ वासेपुर, फुकरे, न्यूटन, बरेली की बर्फी, मिमी, लूडो, मैं अटल हूं, स्त्री, मिर्जापुर और मर्डर मुबारक सहित कई अन्य फिल्मों में काम किया है। क्या पंकज अपना सपना जी रहे हैं? इस पर उन्होंने कहा, नहीं, इतना काम करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि उस सपने के साथ-साथ मेरा एक और सपना भी था, जिसके बारे में मैं पूरी तरह से भूल चुका था, यह छुट्टियों पर जाने का था, जो सपना मैं पूरा नहीं कर पा रहा हूं। मैं इतना व्यस्त हो गया कि मुझे एहसास हुआ कि मैं छुट्टी नहीं ले रहा हूं। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व छात्र पंकज इस बात से सहमत हैं कि वह अच्छे कंटेंट पर काम करने के अपने सपने को जी रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, लेकिन, उस सपने के साथ मेरा एक और सपना था कि मैं थोड़ा कम काम करूं, गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दूं ,क्योंकि यह भी महत्वपूर्ण है। वर्क-लाइफ बैलेंस बहुत महत्वपूर्ण है। एक्टर नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई मर्डर मुबारक में दिखाई दे रहे हैं। पंकज त्रिपाठी जल्द ही मिर्जापुर 3, स्त्री 2 और मेट्रो... इन दिनों में दिखाई देंगे।







# प्रेग्नेंसी की खबरों पर ऐश्वर्या शर्मा ने तोड़ी चुप्पी

टीवी सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' फेम एक्ट्रेस ऐश्वर्या शर्मा और पति नील भट्ट को लेकर इन दिनों खबर चल रही थी कि वो पैरेंट्स बनने वाले हैं। शादी के तीन साल के बाद उनके घर में बच्चे की किलकारी गूंजने वाली हैं।

ऐसे में अब इन अफवाहों के बीच एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर रिएक्शन दिया है और लोगों को लताड़ लगाई है। लंबे समय से चल रही प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर ऐश्वर्या ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और सभी रूमर्स पर विराम लगा दिया है। चलिए बताते हैं एक्ट्रेस ने क्या कुछ कहा है। ऐश्वर्या शर्मा और नील भट्ट के पैरेंट्स बनने की खबर तीसरी बार आई थी। दोनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और खुद से जुड़ी कोई ना कोई पोस्ट शेयर करते रहते हैं।

ऐसे में जब प्रेग्नेंसी खबर सामने आई तो एक्ट्रेस से रहा नहीं गया और उन्होंने फौरन तमाम कयासों पर प्रतिक्रिया देते हुए सभी पर विराम लगा दिया। इससे पहले ऐश्वर्या शर्मा दो बार प्रेग्नेंसी की खबरों को झूठा बता चुकी हैं। ऐसे में अब एक बार से आई तो खबरों को ऐश्वर्या शर्मा ने गलत बताया है। दरअसल, ऐश्वर्या शर्मा ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर रिएक्शन देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर की है। इसे साझा करने के साथ ही उन्होंने लिखा कि वो तीसरी बार मना कर रही हैं कि प्रेग्नेंट नहीं हैं। वो लगातार आ रहे मैसेज से परेशान हो गई हैं। एक्ट्रेस ने गुस्से में कहा कि अपनी तरफ से अनुमान लगाना बंद करो।

# रामायण के लिए नितेश तिवारी को मिला लक्ष्मण

नितेश तिवारी की फिल्म रामायण को लेकर हर दिन नए अपडेट आते रहते हैं। जबसे इस फिल्म की अनाउंसमेंट हुई है तबसे फैंस इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। शुरुआत में ही रणबीर कपूर के भगवान राम बनने की खबर आ गई थी। इसके बाद से बाकी स्टार कास्ट को लेकर रोज खबरें आती रहती हैं। अब फिल्म में लक्ष्मण के किरदार को लेकर खबर आ रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि लक्ष्मण के किरदार के लिए फेमस टीवी एक्टर और प्रोड्यूसर को चुना गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रवि दुबे को लक्ष्मण के किरदार के लिए चुना है। हालांकि इस बारे में ना तो फिल्ममेकर और ना ही एक्टर की तरफ से कोई कमेंट आया है। वैसे रवि काफी टैलेंटेड एक्टर हैं। उन्होंने 12/24 करोल बाग, सास बिना ससुराल, परवरिश जैसे शोज किए हैं। हालांकि शो जमाई राजा से रवि के करियर का टर्निंग पॉइंट आया। इस शो से उन्हें बहुत पॉपुलैरिटी मिली। कुछ समय से रवि बतौर प्रोड्यूसर काम कर रहे हैं। वह उड़ारियां, स्वरण घर, जूनियत जैसे शोज प्रोड्यूस कर चुके हैं। उनके सभी शोज को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है दर्शकों से। उड़ारियां शो तो साल 2021 से शुरू हुआ था और अब तक चल रहा है। फिल्म की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें सई पल्लवी सीता का किरदार निभा सकती हैं। वहीं सुपरस्टार यश, रावण का। कुछ दिनों पहले यह भी खबर आई थी कि फिल्म में हरमन बावेजा, विभिषण का किरदार निभाएंगे। रामायण को लेकर कहा जा रहा है कि इस राम नवमी पर फिल्म की अनाउंसमेंट की जाएगी। बस अब फैंस को इसका ही इंतजार है और सब स्टार कास्ट को लेकर फाइनल अपडेट जानना चाहते हैं।

# प्रतीक-विद्या बालन की दो और दो प्यार का पोस्टर जारी

अभिनेत्री विद्या बालन और प्रतीक गांधी फिल्म दो और दो प्यार में स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म में इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी अहम किरदार में हैं। आज मेकर्स ने सभी सितारों के फर्स्ट लुक साझा किए हैं। शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी यह फिल्म अगले महीने रिलीज होगी।





पोस्टर जारी करने के साथ ही इसकी टीजर रिलीज डेट का खुलासा भी किया गया है। इस फिल्म में विद्या बालन काव्या की भूमिका में नजर आएंगी। साझा किए गए पोस्टर में वह कार में बैठी खिड़की से झांकती नजर आ रही हैं। उनका लुक देखकर लग रहा है कि फिल्म में वह गंभीर भूमिका अदा करती नजर आ सकती हैं। अभिनेता प्रतीक गांधी काफी मासूम और चंचल किरदार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में वे एनी के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, जारी किए गए पोस्टर में सेंथिल राममूर्ति काफी समझदार नजर आ रहे हैं।

फिल्म में वह विक्रम की भूमिका में दिखेंगे। इलियाना डिक्रूज भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभातीी नजर आएंगी। फिल्म में वह नोरा के किरदार में दिखेंगी। उनका भी फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आया है, जिसमें अभिनेत्री ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही हैं। बता दें कि पहले इस फिल्म को 29 मार्च को रिलीज किया जाना था। लेकिन, बाद में इसकी रिलीज डेट बदलकर अप्रैल में रखी गई।

# रकुल प्रीत सिंह ने वन-पीस ड्रेस में दिखाया अपना हॉट लुक

हाल ही में निर्माता-अभिनेता जैकी भगनानी के साथ शादी के बंधन में बंधीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपना ग्लैमर लुक दिखाया। बुधवार को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर क्रीम रंग के आउटफिट में अपनी फोटोज शेयर की। फोटो में अभिनेत्री को वन-पीस ड्रेस पहने देखा जा सकता है। उन्होंने अपने बालों को बांधकर रखा। स्टिलेटोस के साथ उन्होंने अपने लुक को पूरा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ड्रामा तभी होता है, जब हम शूटिंग करते हैं। अभिनेत्री ने 21 फरवरी को गोवा में जैकी भगनानी के साथ शादी की थी। दोनों की शादी सिख परंपरा में आनंद कारज और सिंधी रीति-रिवाज के साथ पूरी हुई थी।इस शादी में दोनों के परिवार और करीबी दोस्तों के अलावा शिल्पा शेट्टी, राज कुंद्रा, आदित्य रॉय कपूर, अनन्या पांडे, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर भी शामिल हुईं।



# पहली बार कपिल शर्मा के शो में शिरकत करेंगे आमिर खान

कपिल शर्मा पिछले कई सालों से टीवी की दुनिया में नं.1 कॉमेडियन बने हुए हैं। लोगों को उनकी कॉमेडी का अंदाज बेहद पसंद आता है। अब वे जल्द ही एक बार फिर दर्शकों को हंसी के फव्वारों में भिगोने को तैयार हैं। कपिल अपना नया कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो लेकर आ रहे हैं। हालांकि आप इसका मजा टीवी के बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ले सकेंगे। इस शो को लेकर फैंस में काफी क्रेज नजर आ रहा है। शो में लंबे समय के बाद कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी देखने को मिलेगी। पूर्व में दोनों के बीच विवाद हो गया था। शो में कपिल की टीम के परमानेंट मेंबर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह भी नजर आएंगी। इस बीच शो को लेकर एक बड़ी खबर का पता चला है। इसमें गेस्ट सेलेब्रिटी के रूप में सुपरस्टार आमिर खान शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि आमिर आज तक कपिल के शो में नहीं आए। कपिल को पहली बार आमिर के साथ मस्ती का मौका मिलेगा।



जानकारी के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि आमिर कभी भी कपिल के कॉमेडी शो का हिस्सा नहीं बने हैं लेकिन ऐसा पहली बार होगा जब आप उन्हें कपिल के शो में देखेंगे। कपिल का ये शो नेटफ्लिक्स पर 30 मार्च से स्ट्रीम होगा और हर शनिवार इसका नया एपिसोड अपलोड किया जाएगा। आमिर के अलावा अंग्रेजी सिंगर एड शीरन के भी शो में आने को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

# जाह्नवी ने शुरू की राम चरण की मूवी

## मिनटों में वायरल हुईं पूजा सरेमनी की फोटोज





साउथ सुपरस्टार राम चरण और अदाकारा जाह्नवी कपूर की अपकमिंग मूवी आरसी 16 चर्चा में हैं। सुपरस्टार राम चरण की ये मूवी अब फ्लोर पर पहुंच गई है। जिसकी आज हैदराबाद में पूजा सेरेमनी रखी गई। अदाकारा जाह्नवी कपूर इस दौरान यहां खूबसूरत साड़ी में देसी गर्ल का लुक लेकर पहुंची थीं। जबकि, सुपरस्टार राम चरण अपनी मूवी गेम चेंजर के ही लुक में नजर आए। दोनों सितारों की इस अपकमिंग फिल्म का कुछ दिनों पहले ही ऐलान किया गया था। अब इस फिल्म की शूटिंग भी मेकर्स ने शुरू कर दी है।

### फ्लोर पर पहुंची आरसी 16

बता दें कि अभी तक मेकर्स ने राम चरण और जाह्नवी कपूर स्टारर इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं किया है। इस मूवी को फिलहाल आरसी 16 कहकर ही पुकारा जा रहा है। यानी सुपरस्टार राम चरण के करियर की 16वीं फिल्म। राम चरण और जाह्नवी कपूर की इस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह पहले से ही सांतवे आसमान पर है। सुपरस्टार राम चरण की इस मूवी का निर्देशन बुची बाबू साना कर रहे हैं। जो साल 2021 में अपनी सुपरहिट मूवी उपेन्ना से बतौर निर्देशक करियर की शुरुआत कर चुके हैं। इस मूवी को दर्शकों ने खासा पसंद किया था। इससे पहले निर्देशक बुची बाबू साना ने सुकुमार के साथ राम चरण की ही सुपरहिट मूवी रंगास्थलम में भी काम किया था।

### कब रिलीज होगी आरसी 16?

अभी तक आरसी 16 के मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया है। लेकिन एंटरटेनमेंट न्यूज की दुनिया से निकलकर सामने आ रहीं ताजा खबरों की मानें तो इस फिल्म को मेकर्स इसी साल दिसंबर तक सिनेमाघर पहुंचाने की तैयारी में हैं।

हालांकि ये डेडलाइन मेकर्स छू पाएंगे या नहीं। ये देखने वाली बात होगी। सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर स्टारर निर्देशक बुची बाबू साना की मूवी फिलहाल फ्लोर पर पहुंच चुकी है।

# रीम शेख को सताता है डर कि कोई उनकी...

## कॉफी के साथ छेड़छाड़ न कर दे



स्ट्रीमिंग शो रायसिंघानी वर्सेज रायसिंघानी में अंकिता रस्तोगी की भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस रीम शेख ने अपने बारे में एक खास बात शेयर की। एक्ट्रेस शो में एक तेज-तर्रार वकील का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि वह उन लोगों की कॉफी के साथ छेड़छाड़ करती हैं, जिन्हें वह पसंद नहीं करती।

एक्ट्रेस एक कॉफी लवर हैं, उन्हें इस बात का डर है कि कहीं लोग उनकी कॉफी के साथ भी छेड़छाड़ न कर दें। रीम के मुताबिक, अंकिता का किरदार निभाना मजेदार है, वह स्मार्ट, मजबूत और स्वतंत्र है, जिसे जेनजेड पसंद करेगा। उसकी एक आदत है, जिस पर मुझे गुस्सा आता है, जो अपनी बात रखने का एक रचनात्मक तरीका है।

वह कहती है कि कॉफी लवर होने के नाते मुझे इस बात से डर लगता है कि जैसे मैं लोगों की कॉफी से छेड़छाड़ करती हूं, कहीं मेरी कॉफी के साथ भी ऐसा न हो जाए। उन्होंने आगे कहा, कहानी में एक मजेदार मोड़ आता है, जब मैं और मेरे दोस्त कॉफी से छेड़छाड़ के तरीके को एक मजाक में बदल देते हैं। यह सब बहुत मजेदार होता है और हम इस पर हंसे बिना नहीं रह सकते। हालांकि, मुझे लगता है कि मेरे दोस्त भी थोड़े डरे हुए हैं, वे अंकिता की रणनीति से अवगत हैं और वे जानते हैं कि मैं चुनौती से पीछे हटने वालों में से नहीं हूं।